### भारी पुलिस बल की मौजूदगी में हटाए गये बेजा कब्जे

# हाईकोर्ट की फटकार के बाद ट्रांसपोर्ट नगर में गरजा बुल्डोजर

हरिभूमि जबलपुर।

हाईकोर्ट के सख्त निर्देशों के बाद बुधवार सुबह ट्रांसपोर्ट नगर स्थित शासकीय भूमि पर अवैध निर्माण के खिलाफ प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई की। सुबह करीब 8 बजे जिला प्रशासन, नगर निगम और पुलिस विभाग की संयुक्त टीम ने मौके पर पहुंचकर कब्जाधारी द्वारा बनाए जा रहे अवैध भवन पर बुल्डोजर चलाकर ढांचा जमींदोज कर दिया। कार्यवाही के दौरान सुरक्षा और व्यवस्था की दृष्टि से पुलिस बल तैनात रहा। मौके पर एसडीएम गोहलपुर, सीएसपी रीतेश कुमार शिव, अतिक्रमण प्रभारी मनीष तड़से सहित नगर निगम और जिला प्रशासन के अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

गौरतलब है की यह मामला पिछले सात वर्षों से लंबित था। ट्रांसपोर्ट नगर क्षेत्र में नगर निगम की स्वामित्व वाली भूमि को ट्रांसपोर्ट नगर व्यापारी संघ समिति को विधिवत आवंटित किया गया था, लेकिन उस पर किसी अन्य व्यक्ति ने अवैध रूप से कब्जा कर निर्माण कार्य शुरू कर दिया था। समिति द्वारा कई बार आपत्ति दर्ज कराने के बावजूद कार्रवाई नहीं हो पाई थी, जिसके बाद मामला हाईकोर्ट में पहुंचा।



हाईकोर्ट ने गत दिवस मामले की सुनवाई करते हुए प्रशासन को 10 दिन के भीतर अतिक्रमण हटाने का स्पष्ट आदेश दिया। न्यायालय ने तल्ख टिप्पणी करते हुए कहा था कि यदि तय समय-सीमा में अतिक्रमण नहीं हटाया गया, तो जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। कोर्ट की इस फटकार के बाद प्रशासन ने तेजी दिखाते हुए बुधवार को कार्रवाई को अंजाम दे दिया।

### अघोरी बाबा मंदिर को लेकर बना समन्वय

कार्रवाई के दौरान प्रशासन ने अघोरी बाबा मंदिर परिसर के एक हिस्से को भी अतिक्रमण के दायरे में लेते हुए मंगलवार को नोटिस चस्पा किया था। इससे क्षेत्र में आक्रोश की स्थिति बन गई थी। बुधवार सुबह जब प्रशासनिक अमला कार्रवाई के लिए पहुंचा तो कुछ स्थानीय लोगों ने विरोध जताना शुरू कर दिया। स्थिति को बिगड़ते देख याचिकाकर्ता ने प्रशासन को पत्र देकर स्पष्ट किया कि उन्हें मंदिर परिसर से कोई आपत्ति नहीं है, जिससे टकराव की स्थिति टल गई।



### सड़कें कीचड़ और गंदगी से सनी

# रिमझिम बारिश ने किया शहर को तरबतर

हरिभूमि जबलपुर।

बंगाल की खाड़ी से आ रहे मानसून के छोटे-छोटे सिस्टम जबलपुर संभाग में जमकर दरियादिली दिखा रहे। जबलपुर में पिछले 1 हफ्ते से बारिश का सिलसिला जारी हैं। रुक रुक कर हो रही बारिश ने शहर को तरबतर कर दिया। बुधवार को भी 7.8 मिमी वर्षा दर्ज की गई। सुबह के वक्त हुई बारिश ने स्कूल जाने वाले बच्चों की परेशानी बढ़ाई तो वहीं पूर्वान्ह रिमझिम बारिश के बीच अलसाये हुये माहौल में सरकारी दफ्तर खुले। मौसम विभाग की मानें तो अभी दो-तीन दिनों तक कभी रिमझिम तो कभी झमाझम बारिश का दौर जारी रहेगा। अगले 24 घंटों के दौरान जबलपुर, ग्वालियर, सागर, रीवा और शहडोल संभाग के कुछ स्थानों पर भारी वर्षा होने की चेतावनी दी गई है। शहर में पिछले 24 घंटों से जारी अनवरत वर्षा के कारण शहरों के हाल बदहाल हो गये हैं। निचली बस्तियां जलमग्न हो गई हैं, वहीं कीचड़ और गंदगी से सड़कें पट गईं।

स्थानीय मौसम विज्ञान केन्द्र से प्राप्त जानकारी के अनुसार बंगाल की खाड़ी के ऊपर बने चक्रवात के प्रभाव से कल रात से रिमझिम बारिश शुरू हुई और कुछ देर अच्छी वर्षा भी हुई। उसके बाद पूरे दिन बादल छाए रहे और रिमझिम बारिश होती रही। शीतल बयारों ने रात में उमस से राहत दी। बुधवार को सुबह से ही सूर्य भगवान के दर्शन नहीं हुए। पिछले 24 घंटों के दौरान नगर का अधिकत्तम तापमान 28.7 डिग्री सेल्सियस सामान्य से 4 डिग्री कम दर्ज किया गया। जबकि न्यूनतम तापमान 23.0 डिग्री सेल्सियस सामान्य से 2 डिग्री कम दर्ज किया गया है। हवा में नमी प्रातः 97 प्रतिशत और सायंकाल 87 प्रतिशत आंकी गई है। गत वर्ष आज के दिन अधिकत्तम तापमान 34.1 और न्यूनतम तापमान 24.4 डिग्री रहा। सूर्योदय सुबह 5.32 मिनिट पर और सूर्यास्त शाम 7.00 बजे हुआ। पिछले 24 घंटों के दौरान 23.7 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई। इस मानसून सत्र में 1 जून से अब तक कुल वर्षा 463.2 मिलीमीटर (लगभग 18.2 इंच) दर्ज की जा चुकी है। गत वर्ष आज के दिन वर्षा नहीं हुई थी और कुल वर्षा 238.9 मिलीमीटर दर्ज की जा चुकी थी। पश्चिमी हवायें 4 से 5 किमी प्रतिघंटे की रफ्तार से चलीं। अगले 24 घंटों के दौरान संभाग के अनेक स्थानों पर गरज चमक के साथ तेज वर्षा होने के आसार है।





### श्रम संगठनों ने आयुध निर्माणियों, रेलवे, बैंकों ने किया प्रदर्शन

# राष्ट्रव्यापी 1 दिवसीय हड़ताल का शहर में दिखा असर

हरिभूमि जबलपुर।

केंद्रीय ट्रेड यूनियन के आव्हान पर केंद्र सरकार की श्रम विरोधी नीतियों के खिलाफ 17 सूत्रीय मांगों को लेकर बुधवार को शहर कहीं रैली कहीं नारेबाजी तो कहीं कहीं काम का बहिष्कार किया गया। बरसते पानी में आयुध निर्माणियों व रेलवे में प्रदर्शन किए गए। इस हड़ताल का सुरक्षा संस्थानों, बैंक, डाकघर, एलआईसी, में भी व्यापक असर देखा गया। हड़ताल के दौरान इन विभागों की सेवाएं प्रभावित रही। ट्रेड यूनियन की मांग है कि श्रम कानूनों में परिवर्तन, नई पेंशन योजना, यूनिफाइड पेंशन योजना, लगातार हो रहे मजदूरों का शोषण बंद किया जाए। इन मांगों के समर्थन में 9 जुलाई बुधवार को एक दिवसीय राष्ट्रव्यापी आम हड़ताल की घोषणा की गई थी। उक्त आव्हान के चलते शहर में स्थित आयुध निमर्माणियों में कर्मचारियों ने एक घंटे कार्य का बहिष्कार करते हुए सुबह विरोध प्रदर्शन कर किया।

भारी बारिश में भी कर्मचारी आंदोलन सफल

ऑल इंडिया डिफेंस एंप्लॉय फेडरेशन के आव्हान पर भारी बारिश के बावजूद शहर की सुरक्षा संस्थान ओएफके, व्हीकल, जीआईएफ, जीसीएफ, में कर्मचारी नेताओं ने प्रदर्शन कर नारे बाजी की और एक घंटे काम का बहिष्कार किया। जीसीएफ के मुख्य द्वार पर सैकड़ो की तादाद में कर्मचारी सुबह 7:30 बजे से इकट्ठा होना चालू हो गए और यह आंदोलन 9:00 बजे तक चला 9:00 बजे सभी कर्मचारी निर्माणी के अंदर प्रवेश होकर अपनी एक घंटा लेट की उपस्थिति दर्ज कराई। जीसीएफ में रोहित यादव विनय गुप्ता उत्तम विश्वास अमित चंदेल राजा पांडे पार्थ ओझा बीरबल सिंह रितेश बेन देवेंद्र भदोरिया राजेश भारती राहुल गुप्ता कृष्ण कुमार शर्मा अमरेश विवेक शुक्ला आदि उपस्थित थे।

रेलवे ने मजदूर संघ ने किया प्रदर्शन

राष्ट्रव्यापी हड़ताल के समर्थन में वेस्ट सेन्ट्रल रेलवे मजदूर संघ द्वारा मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय के समक्ष जंगी विरोध प्रदर्शन किया संघ प्रवक्ता सतीश कुमार ने बताया कि प्रदर्शन में मंडल अध्यक्ष एसएन शुक्ला ,मंडल सचिव डीपी अग्रवाल ने सरकार को चेताते कहा कि यदि रेल कर्मचारियों समेत केन्द्रीय कर्मचारियों की ज्वंलत मांगो व उनके मूलभूत अधिकारो को देने, ओपीएस लागू करने की मांग, एनएफआईआर द्वारा सुझाये गये वेतनमान को लागू करने आदि मांगे पूरी नहीं हुई, तो रेलवे में भी बड़ा आंदोलन होगा। उन्होने कहा कि श्रम कानूनो के साथ खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जायेगा, सभा में आर.ए. सिंह, ए.के.पाठक, एस.के.सिंह., संतोष त्रिवेणी आदि वक्ताओं ने रेलवे में आउट सोर्स, निजीकरण, निगमीकरण रोकने, नये पदो के सृजन पर लगी रोक हटाने आदि मांगो को पूरा नहीं करने की दशा में रेल के पहिये थम सकते है।

### मुख्यमंत्री से मुलाकात के बाद लोक निर्माण मंत्री ने स्थिति की स्पष्ट

# मेडिकल साइंस यूनिवर्सिटी को बंद करने की खबरों पर विराम

हरिभूमि जबलपुर।

मध्यप्रदेश की पहली मेडिकल साइंस यूनिवर्सिटी मध्य प्रदेश मेडिकल साइंसेज यूनिवर्सिटी को बंद किए जाने की अटकलों पर बुधवार को स्पष्ट रूप से विराम लग गया है। प्रदेश के लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से मुलाकात के बाद यूनिवर्सिटी को बंद किए जाने की खबरों को "भ्रामक और निराधार" करार दिया।

बीते कुछ सप्ताहों से जबलपुर स्थित इस प्रतिष्ठित मेडिकल यूनिवर्सिटी को लेकर अफवाहें तेज थीं कि सरकार इसे बंद करने की तैयारी में है। इस खबर से यूनिवर्सिटी में अध्ययनरत हजारों छात्रों, फैकल्टी, और कर्मचारियों के बीच गहरी चिंता और असमंजस की स्थिति उत्पन्न हो गई थी।

मुख्यमंत्री से चर्चा के बाद मंत्री राकेश सिंह ने सोशल मीडिया के माध्यम से एक बयान जारी कर कहा, "पिछले कुछ समय से जबलपुर मेडिकल यूनिवर्सिटी को लेकर भ्रामक प्रचार हो रहा है कि इसे बंद किया जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने स्पष्टता से कहा है कि ऐसा कोई निर्णय सरकार नहीं करने जा रही है।



#### नई शिक्षा नीति के तहत विस्तार की योजना

मंत्री सिंह ने यह भी बताया कि यूनिवर्सिटी को बंद करने के बजाय, सरकार इसके वर्तमान स्वरूप को यथावत बनाए रखने और नई शिक्षा नीति 2020 के तहत इसे और अधिक व्यावसायिक पाठ्यक्रमों से जोड़ने की दिशा में कार्य कर रही है। इसका उद्देश्य उच्चतर चिकित्सा शिक्षा को अधिक व्यापक और रोजगारोन्मुख बनाना है।

#### छात्र और शिक्षकों में राहत

सरकारी स्पष्टीकरण के बाद यूनिवर्सिटी से जुड़े छात्र, शिक्षक और अन्य स्टाफ सदस्यों ने राहत की सांस ली है। जबलपुर मेडिकल यूनिवर्सिटी राज्य में चिकित्सा शिक्षा का प्रमुख केंद्र है, जिससे प्रदेशभर के सैकड़ों मेडिकल कॉलेज संबद्ध हैं। एक छात्रा ने बताया, कुछ दिन से बहुत डर था कि हमारी डिग्री का क्या होगा, भविष्य अधर में लग रहा था। अब सरकार के बयान से विश्वास लौटा है। वहीं, यूनिवर्सिटी की एक फैकल्टी सदस्य ने कहा, यह कदम समय की आवश्यकता है। यूनिवर्सिटी को बंद करने की जगह इसके संसाधनों का और बेहतर उपयोग होना चाहिए, जो कि सरकार अब करने जा रही है।"

#### पूर्व डीन के खिलाफ युवा मोर्चा ने कराई एफआईआर

मेडिकल साइंस यूनिवर्सिटी को लेकर बंद करने की चल रही खबरों के बीच नेताजी सुभाष चंद्र बोस मेडिकल कालेज की पूर्व डीन डॉ. गीता गुईन द्वारा दिये गये कथित विवादित बयान के विरोध में भारतीय जनता युवा मोर्चा पदाधिकारियों ने बुधवार शाम ओमती थाने में एफआईआर दर्ज कराई. युवा मोर्चा अध्यक्ष योगेन्द्र सिंह ने बताया की डॉ गुईन ने बंद किये जाने को लेकर विवादित बयान दिया था, जिसपर पार्टी के निर्देश पर डॉक्टर गुईन के खिलाफ प्रदर्शन कर ओमती थाने में एफआईआर दर्ज कराई गई।

#### 2011 में हुई थी स्थापना

मध्य प्रदेश मेडिकल साइंसेज यूनिवर्सिटी की स्थापना 2011 में हुई थी और यह प्रदेश की पहली ऐसी यूनिवर्सिटी है जो विशेष रूप से मेडिकल, डेंटल, नर्सिंग, फार्मेसी और आयुष पाठ्यक्रमों की निगरानी करती है। इसके अंतर्गत प्रदेश के सभी सरकारी और निजी मेडिकल कॉलेजों की संबद्धता आती है।



# रांझी में हुई अतिक्रमण कार्रवाई

**जबलपुर।** निगमायुक्त प्रीति यादव के आदेशानुसार शहर की यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ करने की दिशा में लगातार प्रयास किये जा रहे हैं। शहर में जहां-जहां भी अतिक्रमण हुए हैं और यातायात बाधित हो रहा है इस बात को दृष्टिगत रखते हुए लगातार अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में अतिक्रमण शाखा के अधिकारियों एवं सभी दल प्रभारियों तथा यातायात पुलिस के द्वारा संयुक्त रूप से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई आज भी की गयी। इस संबंध में अतिक्रमण विभाग के प्रभारी अधिकारी मनीष तड़से ने बताया कि आज रांझी में थाना से लेकर दर्शन चौराहा और इंडियन कॉफी हाउस के पास अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही करते हुए 4 टपरे और कैरेट जब्त की गई तथा मुनादी भी कराई गई कि यदि दोबारा अतिक्रमण किया जाता है तो दण्डात्मक कार्यवाही की जायेगी, जिसके लिए आप स्वयं जिम्मेदार रहेगें। कार्यवाही के समय अतिक्रमण अधिकारी अखिलेश सिंह भदोरिया, दल प्रभारी बृजकिशोर तिवारी, अंकित पारस, लक्ष्मण कोरी, नदीम खान, दुर्गा राव, अभिषेक समुद्रे एवं यातायात पुलिस टीम आदि उपस्थित रहे।

# जबरन वसूली, तोड़फोड़ और आगजनी करने वाला शातिर बदमाश गिरफ्तार

### -दो गंभीर वारदातों को दिया था अंजाम, 26 संगीन मामलों में पहले से नामजद

हरिभूमि, जबलपुर।

रांझी थाना क्षेत्र में एक के बाद एक दो गंभीर वारदातों को अंजाम देने वाले कुख्यात बदमाश प्रवीण रजक को पुलिस ने आखिरकार गिरफ्तार कर लिया। आरोपी ने पहले मोहल्ले में खड़ी गाड़ियों को आग लगाई और फिर कुछ ही दिन बाद 5 लाख की फिरौती की मांग कर ऑफिस में तोड़फोड़ कर दहशत फैला दी थी।

#### केस 1: नशे में धुत होकर मांगे पैसे, न देने पर गाड़ियां जलाईं

21 जून की रात करीब 2 बजे प्रवीण रजक अपने साथियों देबू अन्ना और अरुण पटेल के साथ मोहल्लेवासी मोइनुद्दीन उर्फ मोनू से तीन हजार की मांग करने लगा। रकम न देने पर पहले गाली-गलौज की और फिर मोइनुद्दीन के घर के बाहर खड़ी टाटा इंडिगो (MP 20 CE 8315), फिरोज खान की बुलेट एमपी 20 एनयू 8152 और हनीफ खान की पैशन बाइक एमपी 20 एनबी 7839 में तोड़फोड़ करते हुए आगजनी कर दी। इस मामले में अपराध क्रमांक 462/2025 के तहत बीएनएस की कई धाराओं में प्रकरण दर्ज किया गया।

#### केस 2: 5 लाख की मांग, न देने पर दी जान से मारने की धमकी

सात जुलाई को निशांत सिंह ठाकुर निवासी न्यू शोभापुर कॉलोनी ने शिकायत दर्ज कराई कि एक दिन पूर्व जब वह किसी कार्यवश भेड़ाघाट गया था, तभी प्रवीण रजक और देबू अन्ना ने उसके घर जाकर 5 लाख की मांग की। रकम न देने पर परिवार को गोली मारने की धमकी दी गई और फिर ऑफिस की टीवी, कांच का दरवाजा व केबिन का शीशा तोड़ दिया गया। इस मामले में अपराध क्रमांक 494/2025 दर्ज किया गया।

#### शातिर बदमाश, 26 मामलों में आरोपी-

पुलिस जांच में सामने आया कि प्रवीण रजक शातिर आपराधिक प्रवृत्ति का व्यक्ति है, जिसके खिलाफ हत्या का प्रयास, लूट, अवैध वसूली, आर्म्स एक्ट, विस्फोटक अधिनियम व मारपीट जैसे 26 गंभीर अपराध जबलपुर के विभिन्न थानों सहित नरसिंहपुर जिले में भी दर्ज हैं।

#### सीसीटीवी फुटेज ने निभाया अहम रोल

पुलिस कप्तान सम्पत उपाध्याय के निर्देश पर एएसपी सिटी आनंद कलादगी और सीएसपी सतीश साहू के मार्गदर्शन में टीआई उमेश गोल्हानी के नेतृत्व में टीम गठित की। सीसीटीवी फुटेज और मुखबिरों की सूचना पर शोभापुर ब्रिज के पास घेराबंदी कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में उसने दोनों घटनाएं स्वीकार कीं, जिसके बाद उसे न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया।

#### इनकी रही सराहनीय भूमिका-

इस कार्रवाई में थाना टीआई उमेश गोल्हानी, एएसआई लवकुश त्रिपाठी, गनपत मसराम, मनीष जाटव, आरक्षक मनीष पटेल, अभिषेक मिश्रा की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### -हवाई फायरिंग और लगातार अपराधों के चलते केंद्रीय जेल में किया गया निरुद्ध

# कुख्यात बदमाश गुल्लू सोनी पर एनएसए की कड़ी कार्रवाई

**हरिभूमि, जबलपुर।** गढ़ा क्षेत्र के शातिर अपराधी तुषार सोनी उर्फ गुल्लू उर्फ कुशाग्र सोनी को पुलिस ने राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम के तहत गिरफ्तार कर केंद्रीय जेल भेज दिया है। तुषार के विरुद्ध हत्या का प्रयास, आर्म्स एक्ट, जिला बदर उल्लंघन सहित 10 से अधिक गंभीर अपराध दर्ज हैं। 7 जुलाई को बल्देवबाग पेट्रोल पंप के पास उसने एक ऑटो चालक को धमकाया और पुलिसकर्मी पर हवाई फायर कर फरार हो गया था।पुलिस कप्तान सम्पत उपाध्याय के प्रतिवेदन पर जिला दण्डाधिकारी श्री दीपक सक्सेना ने एनएसए के तहत वारंट जारी किया। थाना गढ़ा पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया।

## सिहोरा में गुरु पूर्णिमा पर आज अनेक आयोजन

# गुरु की चरण रज पाने उमड़ेगी भक्तों की भीड़

हरिभूमि सिहोरा।

चारों वेदों के रचियता और महाभारत जैसे महाकाव्य की रचना करने वाले वेद व्यास की जयंती के रूप में भी मनाया जाने वाला गुरु पूर्णिमा महापर्व के पावन अवसर पर आज गुरुवार को जगह जगह अनेक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया । पूरे उत्साह के साथ भक्त गण अपने अपने गुरु की चरण रज पाने परिवार के साथ उनके आश्रम पर पहुचेंगे और गुरु का पूजन अर्चन कर आशीर्वाद प्राप्त करेंगे।

### भरभरा आश्रम में भी आयोजन

भरभरा आश्रम एंव भटिया में समस्त भक्तगण अपने गुरु परम पूज्य संत 1008 बनवारी दास जी महाराज का पूजन अर्चन कर आशीर्वाद प्राप्त करेंगे एंव भंडारे का प्रसाद ग्रहण करेंगे।

### कटाव धाम मै तैयारियां पूरी

आज गुरु पूर्णिमा पर श्रीरामार्चन मंडपम कटाव धाम में सुबह 8 बजे मंगल कलश यात्रा सुबह 9 बजे गुरु दीक्षा कार्यक्रम तथा 10 बजे से शिष्य संत श्री सियाबल्लभ दास वेदांती जी महाराज का पूजन-अर्चन कर आशीर्वाद प्राप्त कर भंडारे का प्रसाद ग्रहण करेंगे। हरिनाम सेवा संघ एंव हनुमत सेवा संस्थान परिवार ने सभी से पहुंचने की अपील की है।




### संत निकुंज भेडा में आयोजन

कृष्ण कृपा धाम संत निकुंज भेडा स्लीमनाबाद के संत ब्रह्मानंद दास जी महाराज ने बताया कि आश्रम में गुरू पूर्णिया महोत्सव का आयोजन किया गया है जिसमें सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक गुरु पूजन होगा सभी भक्तों के लिए भंडारे का भी आयोजन आश्रम समिति द्वारा किया गया है।

### शैलेश्वर धाम सैलवारा

शैलेश्वर धाम सैलवारा के संत कैलाशानंद जी महाराज ने बताया की सभी शिष्य अपने गुरू ब्रम्हलीन संत प्रकाशवन अवधूत जी महाराज का आश्रम आकर पादुका का पूजन अर्चन कर आशीर्वाद प्राप्त करेंगे तथा भंडारे का प्रसाद ग्रहण करेगे

### गुरु दरबार में नतमस्तक होंगे शिष्य

जय मातेश्वरि भक्त परिवार समिति के द्वारा गुरु पूजन का आयोजन किया जा रहा है। आज गुरुवार को गुरु पूर्णिमा पर सुबह 9 बजे से 2 बजे तक ग्रहस्थ संत पंडित तरुण चौबे जी महाराज का अग्रसेन कल्याण मंडपम विजय नगर में सभी गुरु भाई गुरु पूजन कर आशीर्वाद प्राप्त करेंगे तथा भंडारे का प्रसाद ग्रहण करेंगे। इसी तरह *नृसिंह मंदिर गीताधाम ग्वारीघाट* में सभी शिष्य अपने ब्रम्हलीन संत डॉ स्वामी श्याम दास जी महाराज के पादुका का पूजन करेंगे एंव महामंडलेश्वर रामरंगी द्वाराचार्य पट्टाचार्य डॉ नरसिंह दास जी का भी पूजन अर्चन कर आशीर्वाद प्राप्त करेंगे एंव भंडारे का प्रसाद ग्रहण करेंगे।

### नृसिंह मंदिर खितौला में आयोजन

श्री नृसिंह मंदिर खितौला के महंत गोविंद दास जी महाराज द्वारा जगतगुरु रामानंदाचार्य जी एवं स्वामी द्वारिका दास जी के पूजन के साथ गुरु पूर्णिमा महोत्सव का शुभारंभ होगा। तत्पश्चात संत गोविंद दास जी महाराज का गुरुपूजन एंव दोपहर 12 बजे से सभी भक्तों के लिए मंदिर समिति द्वारा विशाल भंडारे का आयोजन किया गया है।

### लोढा सिद्धन धाम कुर्रे

कुर्रो पिपरिया के पास स्थित लोढा सिद्धन धाम में आज गुरु पूर्णिमा पर शिष्य गण 1008 बालसंत श्री सीताशरण जू महाराज एंव महंत श्री सीताराम शरण जू महाराज का गुरु पूजन कर उनका आशीर्वाद प्राप्त करेंगे उसके बाद कन्या भोजन,ब्राह्मण भोजन एंव विशाल भंडारे का आयोजन किया गया है। इसी तरह गोसलपुर धाम में ब्रम्हलीन संत शिवदत्त जी महाराज एंव पचपेड़ी पोंडा में ब्रम्हलीन संत सखी बाबा महाराज तथा बजरंगबाड़ा बरगी में ब्रम्हलीन संत जलीबाबा महाराज का भी शिष्य गण पादुका पूजन कर आशीर्वाद प्राप्त कर प्रसाद ग्रहण करेंगे।

# स्वास्थ्य लाभ लेने के पश्चात अपने घर पहुंचे भगवान जगन्नाथ

**बरेला।** भगवान जगन्नाथ के रथ को खींचने के लिए भक्तों में होड़ लगी रही। नगर वासियों द्वारा आज भगवान जगन्नाथ जी की वापसी मै भी भगवान के रथ को खींचने के लिए नगर वासियों में उत्साह रहा। रथ यात्रा शाम 5 बजे थाने के सामने स्थित राम जानकी मंदिर से रथ यात्रा निकाली गई। रथ में भगवान जगन्नाथ जी के साथ बहन सुभद्रा और भाई बलराम सवार रहे। रथ यात्रा का जगह-जगह स्वागत किया गया तथा जगह-जगह भगवान की पूजन अर्चन की गई यात्रा में भगवान जगन्नाथ जी के जय कार्य के नारे गूंज मान रहे। रथ यात्रा देर रात कुंडा स्थित जगन्नाथ स्वामी मां कर्मा देवी मंदिर में संपन्न हुई। रथ यात्रा में मां कर्मा देवी युवा मंडल ,मां कर्मा देवी महिला मंडल श्री जगन्नाथ स्वामी मां कर्मा देवी मंदिर समिति सहित साहू समाज परगना बरेला एवं नगर के गणमान्य नागरिक एवं सभी धर्म के लोग सम्मिलित रहे तथा भगवान के रथ को खींचकर पुण्य लाभ अर्जित किया।



70 बालक बालिकाओं का होगा सम्मान

## ब्राह्मण समाज सिहोरा का मेधावी छात्र छात्रा सम्मान समारोह 13 को

**सिहोरा।** ब्राह्मण समाज सिहोरा द्वारा वरिष्ठ नागरिक एंव मेधावी छात्र छात्रा सम्मान समारोह का आयोजन 13 जुलाई को रुक्मणी पैलेस में सुबह 10 बजे से आयोजित किया जायेगा। महामंत्री प्रवीण कुररिया ने बताया आयोजन परम पूज्य संत श्री श्री 1008 बनवारी दास महाराज भरभरा आश्रम भटिया के विशेष आतिथ्य तथा आशीष दुबे सांसद जबलपुर के मुख्य आतिथ्य एंव प्रणय प्रभात पांडे विधायक बहोरीबंद,श्रीमती संध्या दिलीप दुबे अध्यक्ष नगर पालिका परिषद,श्रीमती रश्मि मनेन्द्र अग्निहोत्री अध्यक्ष जनपद पंचायत के विशिष्ट आतिथ्य तथा समाज के अध्यक्ष राकेश पाठक की अध्यक्षता में आयोजित होगा जिसमें 80 शाल की आयु पूर्ण कर चुके समाज के अनेक वरिष्ठ नागरिकों एंव सत्र 2023 में अपने विद्यालय में 80 प्रतिशत या इससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले ब्राह्मण समाज के कक्षा दसवीं के 40 एंव बारहवीं के 30 छात्र छात्राओं को स्वर्गीय श्रीमती कमलरानी चौबे मोहतरा की पुण्य स्मृति में पुत्र संजय श्रीमती प्रीति चौबे द्वारा प्रशस्ति पत्र भेंटकर सम्मानित किया जायेगा। सभी विप्रजनों से आयोजन पहुंचने की अपील ब्राह्मण समाज सिहोरा ने की है।

### *गुरु पूर्णिमा के अवसर पर सिद्ध पीठ दादा दरबार में विविध कार्यक्रम आज*

**बरेला।** गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर बस स्टैंड स्थित सिद्ध पीठ श्री श्री 1008 दादा ठनठनपाल महाराज के दरबार में इस अवसर पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं। समिति अध्यक्ष राजेश सोनी गुड्डू भैया ने बताया कि प्रातः 9:00 बजे दादा जी का अभिषेक पूजन अर्चन चरण पादुका का पूजन, हवन आरती एवं महाप्रसाद वितरण किया जाएगा । रात्रि 8:00 बजे से महा आरती एवं प्रसाद वितरण रात्रि 8:30 बजे से रामधुन संकीर्तन दादाजी का महामंत्र जाप दादा भक्तों द्वारा किया जाएगा। आयोजन समिति ने सभी श्रद्धालु भक्तों से कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है।



नर्मदा का जल स्तर बढ़ा

## लगातार चौथे दिन भी खुले रहे बरगी बांध के 17 गेट

**जबलपुर।** रानी अवंती बाई सागर परियोजना बरगी जलाशय के जलस्तर को नियंत्रित करने के लिए 6 जुलाई रविवार को बरगी बांध के 9 गेट खोले गए। इसके बाद पानी की आवक बढ़ने पर क्रमशः 7 और 8 जुलाई को चार-चार गेट और खोले गए। बुधवार को लगातार चौथे दिन 17 गेटों से पानी छोड़ा जा रहा है, जिससे नर्मदा का जलस्तर बढ गया। बताया गया है कि कैचमेंट एरिया में विगत 48 घंटे में वर्षा होने के बाद बरगी बांध का जलस्तर 418.30 मीटर पहुंच गया। खोले गए 17 गेटों से टोटल 2 लाख 559 क्यूसेक पानी छोड़ा जा रहा हैं। बरगी बांध के डेम साईट फ्लड कंट्रोल रूम से प्राप्त जानकारी के अनुसार जलद्वारों को खोलते समय बरगी जलाशय का जलस्तर 418.30 मीटर रिकार्ड किया गया था और इस समय बरगी जलाशय में 2 लाख 95 हजार 835 क्यूसेक (घनफुट प्रति सेकेंड) पानी प्रवेश कर रहा था। रानी अवंती बाई सागर परियोजना के कार्यपालन यंत्री राजेश गोंड ने बताया कि बरगी जलाशय के जलद्वारों को खोले जाने की पूर्व सूचना इसके निचले इलाकों में दे दी गई थी। उन्होंने बताया कि बांध से छोड़े जा रहे पानी के मद्देनजर नर्मदा नदी के तटीय क्षेत्र के रहवासियों से सतर्क रहने तथा घाटों और डूब क्षेत्र में प्रवेश न करने की अपील की गई है। अधीक्षण यंत्री के मुताबिक बांध से पानी छोड़े जाने की मात्रा को इसके जलग्रहण क्षेत्र में हो रही वर्षा और जलाशय में पानी की आवक देखते हुए घटाई या बढ़ाई भी जा सकती है। ज्ञात हो कि रानी अवंती बाई सागर परियोजना (बरगी जलाशय) का पूर्ण जल भराव स्तर 422.76 मीटर है।

*स्मार्ट सिटी के पूर्व के टेण्डर में दरें अधिक आई*

## ट्रैफिक सिग्नल टेंडर में नया झमेला

**जबलपुर।** स्मार्ट सिटी के ट्रैफिक सिग्नल शुरु होने में पुनः देरी होने की आशंका पैदा हुई है। इंटीग्रेटेड ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम के तहत ट्रैफिक सिग्नल के लिए आमंत्रित टेंडर जब खोले गये तब पाया कि दरें अधिक आई है, इन दरों से शासन से आई राशि से सिग्नल वर्किंग जारी रखना संभव नहीं है। अतः रिटेण्डरिंग प्रक्रिया अपनाई गई है। इसे मद्देनजर रखते हुए अब आशंका पैदा हुई है कि स्मार्ट सिटी के ट्रैफिक सिग्नल अभी फिलहाल शुरु होने वालें नहीं है।

डॉ. पीजी नाजपांडे तथा रजत भार्गव ने इस पर तीव्र प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए बताया कि आखिर मप्र शहरी विकास मंत्रालय जबलपुर के लिए पर्याप्त फंड क्यों नहीं दे रहा है। इंदौर, भोपाल, उज्जैन में भी यदि जबलपुर के समान ट्रैफिक सिग्नल की स्थिति होती तो क्या मंत्री कैलाश विजयवर्गीय बर्दाश्त करते।

डॉ. पीजी नाजपांडे तथा रजत भार्गव ने बताया कि स्मार्ट सिटी ने वर्ष 2018 में 6 चौराहों पर सिग्नल लगाए, जिनका अनुबंध वर्ष 2024 में समाप्त हो गया था। फंड नहीं होने के कारण उन्हें वर्किंग स्थिति में नहीं लाया गया है। अब मार्च 2025 में 1.5 करोड़ मिले तथा टेंडर जारी किए गए थे। लेकिन इस टेंडर में दरें अधिक आने से पुनः निविदा बुलाने की स्थिति निर्मित हुई है। पूर्व के टेंडर में तीन निविदाकारों द्वारा भाग लिया गया था, लेकिन टेंडर की शर्तों के तहत वह टेंडर माना नहीं गया। दूसरा टेंडर स्मार्ट सिटी ने 7 जुलाई को जारी किया है।

राज्यपाल के नाम से जारी आदेश वैधानिक नियमों के समान

## हाईकोर्ट का अहम फैसला, इग्नू से किया डिप्लोमा डीएलएड के समतुल्य, मिडिल शिक्षकों की पोस्ट छीनने का आदेश निरस्त

हरिभूमि जबलपुर।

मप्र हाईकोर्ट ने एक अहम फैसले में कहा कि राज्यपाल के नाम से जारी आदेश राज्य सरकार के वैधानिक नियमों के समान हैं। यह राज्य के तंत्र पर तब तक बाध्यकारी है, जब तक कि वापस न लिया जाए। इस मत के साथ जस्टिस विवेक जैन की सिंगल बेंच ने इंदिरा गांधी नेशनल ओपन यूनिवर्सिटी (इग्नू) से प्राथमिक शिक्षा में डिप्लोमा डीपीई को डीएलएड (डिप्लोमा इन एलिमेंट्री एजुकेशन) के समतुल्य माना। कोर्ट ने इसी के साथ याचिकाकर्ताओं से माध्यमिक शिक्षक का पद छीनने का आदेश निरस्त कर दिया। कोर्ट ने याचिकाकर्ताओं को पूर्ववत माध्यमिक शिक्षक का प्रभार देने के निर्देश दिए।

नरसिंहपुर जिले के संजय कुमार नामदेव, बालाघाट जिले के शैलेन्द्र उकेश्वर व अन्य की ओर से याचिकाएं दायर की गई थीं। इनमें कहा गया कि याचिकाकर्ता प्राथमिक शिक्षक के पद पर नियुक्त हुए थे।उनकी भर्ती 2018 के भर्ती नियमों के तहत हुई थी। बाद में उन्होंने इग्नू से डीपीई किया। वरिष्ठता एवं डिप्लोमा होने की वजह से उन्हें माध्यमिक शिक्षक का प्रभार सौंपा गया। लेकिन, 7 फरवरी 2023 को जारी सर्कुलर के द्वारा उनसे माध्यमिक शिक्षक का प्रभार छीन लिया गया। कहा गया कि इग्नू का डिप्लोमा मान्य नहीं है। याचिकाकर्ताओं की ओर से कहा गया कि माध्यमिक शिक्षक के लिए निर्धारित योग्यताओं के अनुसार, उम्मीदवार को अन्य मापदण्ड पूरे करने के साथ डीएलएड या समतुल्य डिप्लोमाधारी होना चाहिए। तर्क दिया गया कि राज्य सरकार द्वारा 28 फरवरी 2013 को जारी आदेश के तहत स्पष्टीकरण दिया गया था कि इग्नू का डिप्लोमा (डीपीई) डीएलएड के समतुल्य है। यह आदेश राज्यपाल के नाम से जारी हुआ था। ऐसे में याचिकाकर्ता नियमों के तहत निर्धारित योग्यता धारित करते हैं। उन्हें माध्यमिक शिक्षक के पद से हटाना अनुचित है।

हाईकोर्ट ने नोटिस जारी कर मांगा जवाब

## कटनी में स्थापित किया जाये पीओपीएसके

हरिभूमि जबलपुर।

कटनी जिले में पोस्ट ऑफिस पासपोर्ट सेवा केन्द्र स्थापित किये जाने की मांग करते हुए हाईकोर्ट में जनहित याचिका दायर की गयी है। एक्टिंग चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा तथा जस्टिस विनय सराफ की खंडपीठ ने याचिका की सुनवाई करते हुए अनावेदकों को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है।

कटनी निवासी समाजसेवी दिव्यांशु उर्फ अंशु मिश्रा की तरफ से दायर की गयी याचिका में कहा गया था कि प्रदेश के महत्वपूर्ण जिले में कटनी एक है। जिसकी जनसंख्या दस लाख से अधिक है और प्रशासनिक तथा व्यावसायिक केन्द्र के रूप लगातार उन्नति कर रहा है। रेलवे की दृष्टि से प्रदेश में कटनी जंक्शन महत्वपूर्ण स्थान रखता है। इसके बावजूद भी कटनी में पासपोर्ट बनाने के लिए पोस्ट ऑफिस पासपोर्ट सेवा केन्द्र स्थापित नहीं किया गया है। जिसके कारण व्यापारियो,छात्र तथा नौकरी के लिए विदेश जाने वाले नवयुवकों को परेशानी का सामना करना पडता है। उन्हें पासपोर्ट बनवाने के लिए जबलपुर व सतना जाना पडता है।

याचिकाकर्ता की तरफ से कहा गया था कि पीओपीएसके योजना का उद्देश्य प्रत्येक संसदीय क्षेत्र में सस्ती व सुलभ पासपोर्ट सेवा सुनिश्चित करना है। इस योजना का प्रारंभ साल 2017 में किया गया था और 4 सौ से अधिक स्थानों में इस सफलतापूर्ण क्रियान्वयन हो रहा है। कटनी जिले को इस सेवा से वंचित रखा गया है। याचिकाकर्ता ने इस संबंध में विदेश विभाग,डाक विभाग सहित संबंधित अधिकारियों को अभ्यावेदन दिया गया था। अभ्यावेदन पर कोई कार्यवाही नहीं होने के कारण उक्त याचिका दायर की गयी है। याचिका की सुनवाई करते हुए युगलपीठ ने विदेश विभाग के सचिव सहित अन्य पक्षकारों को नोटिस जारी कर चार सप्ताह में जवाब मांगा है। याचिकाकर्ता की तरफ से अधिवक्ता योगेश सोनी ने तथा भारत सरकार की तरफ से अधिवक्ता ईशान सोनी ने पैरवी की।

अचानक पहुंचे सिविल अस्पताल सिहोरा

## अस्पताल की अव्यवस्था देख भड़के सिहोरा विधायक

हरिभूमि सिहोरा।

बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने अपग्रेड किया गया सिविल अस्पताल सिहोरा न केवल चिकित्सकों की कमी के साथ साफ सफाई जैसी बुनियादी समस्याओं से भी जूझ रहा है। अस्पताल के हालात इतने बदतर हैं कि सिविल अस्पताल वेंटिलेटर पर है कहना अतिश्योक्ति नहीं होगा। ऐसे में पांच डाक्टर्स का एक साथ स्थानांतरण करना एंव स्थानांतरित होकर आए चिकित्सकों का ज्वाइन ना करने से राजनैतिक दलों को आमने-सामने ला कर खड़ा कर दिया। लगातार अव्यवस्था के संबंध में मिल रही शिकायतों के चलते विधायक संतोष बरकडे ने मंगलवार को सिविल अस्पताल का अचानक निरीक्षण किया। विधायक संतोष सरकंडे ने बेपटरी स्वास्थ्य व्यवस्था को पटरी पर लाने बुधवार को सिविल अस्पताल का निरीक्षण कर सफाई व्यवस्था को लेकर नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा इस तरह से अस्पताल नहीं चलेगा सुविधाओं का लाभ सभी को मिलना चाहिए उन्होंने चिकित्सकों की पदस्थापना को लेकर उच्च अधिकारियों से चर्चा की। विधायक बरकडे ने बताया की डाक्टर्स की पोस्टिंग को लेकर न केवल सी एच एम ओ से बल्कि संबंधित मंत्री से बात की जा रही है जल्द ही डॉक्टर्स की कमी दूर की जाएगी।भले ही मेरे द्वारा लम्वे समय अन्तराल के बाद अस्पताल का निरीक्षण किया गया हो परिणाम दो दिन में देखने को मिलेंगे।इसके अलावा अस्पताल प्रबंधन से अन्य आवश्यकताओं की सूची भी मांगी गई है ताकि उनके शीघ्र का किया जा सके सफाई व्यवस्था को लेकर ठेकेदार एवं नगर पालिका अधिकारी से चर्चा कर त्वरित निराकरण के लिए निर्देश दिए गए हैं। इस अवसर पर पूर्व विधायक दिलीप दुबे, राजेश दाहिया, भाजयुमो जिलाध्यक्ष राजमणि सिंह बघेल, अनुपम सराफ, अंकित तिवारी, अरुण जैन, सिविल अस्पताल प्रभारी डॉ सुनील लटियार, डॉ ह्रदेश पांडे सहित अस्पताल का समस्त स्टाफ उपस्थित था।




### एक दर्जन पद स्वीकृत आधे से ज्यादा रिक्त

सिविल अस्पताल में एमबीबीएस 12 डॉक्टर द्वितीय श्रेणी के स्नातकोत्त विशेषज्ञ चिकित्सक एक सिविल सर्जन, एक प्रबंधक का पद स्वीकृत है किंतु वर्तमान में तीन चिकित्सक एवं एक बंध पत्र चिकित्सक कार्यरत होने से अस्पताल की इमरजेंसी,ओपीडी चिकित्सा सेवा पूरी तरह से बाधित रहती है यहां पदस्थ तीन चिकित्सक में से एक की रात में ड्यूटी रहने से दूसरे दिन चिकित्सक का आफ रहता है इस रोस्टर के चलते अस्पताल में मात्र दो डॉक्टर ड्यूटी में रह जाते हैं दिन में यदि कोई पोस्टमार्टम केस आ जाता है तो एक चिकित्सक वहां चले जाने से अस्पताल में इलाज के लिए मात्र एक चिकित्सक होता है ऐसे में उनके ऊपर ओपीडी एवं इमरजेंसी दोनों की जिम्मेदारी रहती है अस्पताल में महिलारोग,बाल रोग,हड्डी रोग नेत्र रोग चिकित्सा सर्जरी एवं एनेस्थीसिया के विशेषज्ञ के पद स्वीकृत हैं इसके बाद भी इनके भरने में शासन द्वारा कोई कदम नहीं उठाए जा रहे हैं।

### ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने भी सौंपा था ज्ञापन

गत दिवस ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सिहोरा के अध्यक्ष बिहारी पटेल के संयोजन में लोक स्वास्थ्य,चिकित्सा मंत्री मध्य प्रदेश शासन के नाम से एसडीएम सिहोरा के द्वारा लिखे ज्ञापन में एसडीएम की अनुपस्थिति में एसडीएम कार्यालय के बाहर ज्ञापन चस्पा किया गया ज्ञापन के द्वारा मांग की गई है कि शासकीय सिविल अस्पताल सिहोरा में विगत कई वर्षों से चिकित्सको की कमी बनी हुई है जिसके कारण आम जनों को कई प्रकार की असुविधाओं का सामना करना पड़ रहा है सिहोरा क्षेत्र से लगे लगभग 200 गांव के लोग इलाज के लिए सिहोरा अस्पताल पर निर्भर है। कांग्रेस ने एक सप्ताह के भीतर अगर डॉक्टर की कमी पूरी नहीं की गई तो कांग्रेस पार्टी द्वारा धरना प्रदर्शन किया जाएगा जिसकी समस्त जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी।

## *अभीतक नहीं मिला डुंगा मेहगांव के वाशिंदों को तीन माह का राशन*

**बरेला।** मध्य प्रदेश सरकार द्वारा खाद सुरक्षा अधिनियम के तहत पात्र हितग्राहियों को प्रतिमाह निःशुल्क गेहूं, चावल, और रियायती दर परशक्कर व नमक का वितरण सहकारीसमितियों के माध्यम से किया जाता है जिसके तहत प्रति व्यक्ति प्रति परिवार 5 किलो अनाज. उचित मूल्य की दुकान से प्रदाय किया किया जाता है। शासन द्वारा इस वर्ष बारिश के पूर्व 20मई से 30 जून तक समस्त राशन दुकानों में जून जुलाई और अगस्त माह का राशन वितरण करने के निर्देश दिए गए थे ताकि लोग बारिश के पूर्व ही इस समय अनाज को समुचित व्यवस्था करके घर पर रख सकें किंतु सहकारी समिति पड़वार अंतर्गत आने वाली राशन दूकान डुंगा मेहगांव मैं अभी तक जून जुलाई और अगस्त माह का राशन अभी तक ना मिलने से ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है।स्थानीय निवासियों का कहना है कि सेल्समैन द्वारा राशन वितरण में हमेशा से ही मनमानी की जाती है सेल्समैन द्वारा पहले अंगूठे लगवाए जाते हैं तथा फिर मनमर्जी से राशन का वितरण किया जाता है।तथा उपभोक्ताओं को कोई पावती भी नही दी जाती है। इसका खामियाजा ग्रामीणों को भुगतना पड़ रहा है। सहकारी समिति पड़वारअंतर्गत आने वाले इस राशन दुकान के सेल्समैन द्वारा जून माह बीत जाने के पश्चात भी अभी तक तीन माह काराशन वितरण नहीं किया गया है। इस संबंध में शिकायत करने के पश्चात भी. खाद विभाग द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की जा रही है। आरोप लगाया है कि. कनिष्ठ खाद आपूर्ति अधिकारी द्वारा क्षेत्र की राशन दुकान का निरीक्षण नहीं किया जाता है तथा वह मुख्यालय में भी नहीं रहती हैंजिसके कारण शासन की महत्वपूर्ण योजना का लाभ ग्रामीणों को समय पर नहीं मिल पा रहा है।

**श्री राम चरण पटेल-** पुरानी बस्ती गौरीघाट निवासी रवि, शिवशंकर व कमल पटेल के पिता श्री राम चरण पटेल (77) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती त्रिलोचन कौर रील-** गोरखपुर सनातन धर्म मंदिर के पास निवासी श्री अजीत सिंह रील की धर्मपत्नी श्रीमती त्रिलोचन कौर रील (85) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्रीमती प्रेमवती बर्मन-** रामपुर मांडवा शिवाजी नगर निवासी श्री विपत लाल बर्मन की धर्मपत्नी श्रीमती प्रेमवती बर्मन (75) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती देवकी बाई झारिया-** आईटीआई माढ़ोताल निवासी श्री सखाराम झारिया की धर्मपत्नी श्रीमती देवकी बाई झारिया (80) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार माढ़ोताल मोक्षधाम में किया गया।

**श्री परशुराम-** गोरखपुर पूर्व छोटी लाइन फाटक के पास निवासी श्री परशुराम (65) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती शिवानी पटेल-** द्वारका नगर लालमाटी निवासी श्री राजकुमार पटेल की धर्मपत्नी श्रीमती शिवानी पटेल (28) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती गंगा बाई शंकुले-** कांचघर के निकट पुलिस थाने के सामने निवासी श्री गुलाब सिंह शंकुले की धर्मपत्नी श्रीमती गंगा बाई शंकुले (87) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री शिव दास-** हाथीताल गुप्तेश्वर निवासी श्री शिव दास (80) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।




**श्रीमती मुन्नी बाई कोल-** ग्राम लहरी शिवाजी काष्ठ कटनी निवासी श्री रवि शंकर कोल की धर्मपत्नी श्रीमती मुन्नी बाई कोल (50) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती सुखिया बाई बेन-** शुक्ला होटल द्वारका नगर वार्ड निवासी श्री मूलचंद बेन की धर्मपत्नी श्रीमती सुखिया बाई बेन (85) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती सुशीला बाई-** समदडिया कॉलोनी केसरी नगर मानेगांव रांझी निवासी श्री नारायण दास की धर्मपत्नी श्रीमती सुशीला बाई (71) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती अवध रानी-** इंद्रा नगर गुप्तेश्वर निवासी श्री सुकरत की धर्मपत्नी श्रीमती अवध रानी (88) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्रीमती सुखिया बाई रजक-** गली नं. 21, सदर निवासी श्री कपूरचंद रजक की धर्मपत्नी श्रीमती सुखिया बाई रजक (71) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती निर्मला देवी कुकरेजा-** आईडियल स्टेट गौरीघाट रोड निवासी श्री नामदेव कुकरेजा की धर्मपत्नी श्रीमती निर्मला देवी कुकरेजा (60) का विगत दिवस निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

हरिभूमि
निजी/शोक/उठावना, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
अब साइज 40/- प्रति कॉलम से.मी.
फिक्स साइज:- 8x4 से.मी. ब्लैक&व्हाईट 300/-
फिक्स साइज:- 8x4 से.मी. रंगीन 400/-
फिक्स साइज 12x8 से.मी. रंगीन 1100/-
सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:- 9303308294, 9407362160

-गुरु पूर्णिमा महोत्सव के सप्तम दिवस पर श्रीकृष्ण लीला के गूढ़ आध्यात्मिक रहस्यों का हुआ दिव्य वर्णन

# संतोष रूपी तप की मूर्ति हैं सुदामा ब्रह्मचारी चैतन्यानंद जी







**बगुलामुखी सिद्धपीठ शंकराचार्य मठ में गुरु पूर्णिमा महोत्सव**

बगुलामुखी सिद्धपीठ शंकराचार्य मठ सिविक सेंटर मढ़ाताल में गुरु पूर्णिमा के अवसर पर प्रातः काल ब्रह्मचारी चैतन्यानंद जी के मार्गदर्शन में प्रातः10 बजे से श्री गुरु पूजन तथा भंडारा आयोजित होगा तथा भक्तों द्वारा भी गुरु पूजन किया जाएगा साथ ही भक्तों द्वारा गुरु दीक्षा भी ली जाएगी। उपस्थिति की अपील भारत सिंह यादव, घनश्याम मिश्रा, मनोज सेन आदि ने की है।

हरिभूमि, जबलपुर।

गुरु पूर्णिमा महोत्सव के पावन अवसर पर बगलामुखी सिद्धपीठ शंकराचार्य मठ में आयोजित श्रीमद्भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह के सप्तम दिवस पर पूज्य ब्रह्मचारी चैतन्यानंद जी महाराज ने श्रद्धालु जनों को श्रीकृष्ण के 16,108 विवाहों के गूढ़ आध्यात्मिक रहस्यों का रहस्योद्घाटन करते हुए कहा कि उपासना के मंत्र ही भगवान की पत्नियां हैं। यह विवाह सांसारिक नहीं, बल्कि आत्मा और परमात्मा की उपासना से जुड़ी दिव्य भावना का प्रतीक हैं। ब्रह्मचारी जी ने नृग चरित्र के माध्यम से दान की महिमा को रेखांकित करते हुए कहा कि दान में सावधानी अति आवश्यक है, अन्यथा वही पुण्य पाप में परिवर्तित हो सकता है।

### निष्कलंक श्रद्धा से भगवान का साक्षात्कार

ब्रह्मचारी चैतन्यानंद जी महाराज ने पौण्ड्रक चरित्र के माध्यम से समझाते हुए बताया कि ईश्वर के प्रति द्वेषपूर्ण छद्म भक्ति आत्मा को विनाश की ओर ले जाती है। ऊषा अनिरुद्ध प्रसंग में बताया गया कि भगवान श्रीकृष्ण ने बाणासुर के अभिमान का दमन किया। राजसूय यज्ञ और शिशुपाल वध की कथा में यह स्पष्ट किया गया कि यज्ञ समर्पण भाव से होता है और भगवान श्रीकृष्ण ने स्वयं यज्ञ में उपस्थित सभी महापुरुषों के पैर धोकर विनम्रता का अनूठा उदाहरण प्रस्तुत किया।

### सुदामा की भक्ति में भगवान भी रो पड़े

सप्तम दिवस की कथा का हृदयस्पर्शी क्षण तब आया जब सुदामा चरित्र का वर्णन हुआ। ब्रह्मचारी जी ने कहा सुदामा संतोष, त्याग और तपस्या की सजीव मूर्ति थे। उन्होंने मित्रता के आदर्श को संसार के सामने रखा और प्रभु की भगवत्ता को अपने सरल जीवन से सिद्ध किया। जब सुदामा ने भगवान को चिउड़े भेंट किए, तो भगवान ने उनके चरण धोते समय आंखों से अश्रुधारा बहा दी।

### नवयोगेश्वर, दत्तात्रेय, भृगु चरित्र की दिव्य झलक

कथा में आगे नवयोगेश्वर, दत्तात्रेय चरित्र, भृगु जी की कथा, तथा परीक्षित मोक्ष प्रसंगों के माध्यम से बताया गया कि श्रद्धा, आत्मज्ञान और क्षमा से ही मोक्ष संभव है।

### डॉ. इंदुभवानंद तीर्थ जी की विशेष उपस्थिति

सप्तम दिवस के दिन की विशेषता यह रही कि परम पूज्य स्वामी डॉ. इंदुभवानंद तीर्थ जी महाराज की प्रेरणादायक उपस्थिति में कथा मंडप का वातावरण और अधिक पावन हो गया। उन्होंने कहा कि गुरु पूर्णिमा का अवसर श्रीमद्भागवत श्रवण से वासना की समाप्ति और उपासना की शुरुआत का पर्व है।

### व्यास पीठ पूजन और श्रद्धालु गणों की उपस्थिति

कथा के समापन पर व्यास पीठ का पूजन राजेंद्र शास्त्री, भारत सिंह यादव, प्रिंस आहूजा, नंदकिशोर ठाकुर, भावना निगम, गीता पटेल, रिचा मिश्रा, प्रीति अग्रवाल, अंजना शुक्ला, गोविन्द प्रीति साहू, आराधना-आशीष चौकसे, अखिल तिवारी, तुलसी अवस्थी, पीयूष दुबे, सुनील गुप्ता, वैभव दुबे, अंकित दीक्षित, अभिषेक उपाध्याय, पुष्पेंद्र सिंह परिहार, शुभम चौरसिया, रोहित साहू, राहुल मौर्य, गौरव चौबे, आशीष चौकसे, विनोद अरोरा, नवीन यादव, रोहित तिवारी, सोनू कुरेले, मनोज सेन, सतेंद्र असाटी, शंकरलाल गुप्ता नेहा साहू, आशीष पांडे, शशांक मिश्रा, कमलेश सोनी, नरेश पूजा, गजब राम, नारायणसिंगर, पंकज दे, सुभाष कुदरहा, मनोज सेन आदि ने किया।

## गुरू चरणों की वंदना में आज नतमस्तक होंगे शिष्य

**जबलपुर।** गुरू के प्रति आस्था और श्रद्धा का महापर्व गुरू पूर्णिमा आज गुरुवार 10 जुलाई को पूरी श्रद्धा और आस्था के साथ मनाया जाएगा। गुरू पूर्णिमा के अवसर पर गुरू वंदना, व्यास पूजन, भोजन भंडारे के आयोजन किये जा रहे हैं। गुरू पूर्णिमा के दिन गुरू दर्शन और उपासना पूजन का विशेष महत्व है। अनादिकाल से गुरू शिष्य परंपरा चली आ रही है। आज भी गुरू पूर्णिमा पर यह परम्परा कायम है।

**गुरू पूर्णिमा महोत्सव पर शहर में विभिन्न आयोजन**

**10 मुखी महाकाली मंदिर-** लार्डगंज कछियाना चौक स्थित दस मुखी माता महाकाली मंदिर में महंत योगी राजेश महाराज के सानिध्य में गुरुपूर्णिमा महोत्सव का आयोजन किया गया है। सुबह 11 बजे के बाद हवन गुरुपूजन एवं दीक्षा कार्यक्रमों के बाद पूजन एवं प्रसाद का वितरण होगा।

**हरे कृष्णा आश्रम भेड़ाघाट में-** हरे कृष्णा आश्रम में चातुर्मास पर नर्मदा पंचकोषी स्वर्ण कलश की 108 परिक्रमा कर संकीर्तन होगा। वहीं गुरु पूजन के साथ भंडारे का आयोजन भी किया गया। उपस्थिति की अपील डॉ.सुधीर अग्रवाल, श्रीमति सुषमा शंकर पटेल, मनमोहन दुबे, श्याम मनोहर पटेल, विनोद दिवान आदि ने की हैं।

**दादा दरबार-** गौरीघाट स्थित सिद्ध दादा धूनीवाले दरबार में प्रातः 5 बजे से प्रभातफेरी 8 बजे दादा जी का अभिषेक पादुका पूजन 9 बजे दाद नाम संकीर्तन 11 बजे गुरुपूजन एवं अभिषेक, 12 बजे ध्वाजारोहण, दोपहर 1 बजे हवन पूजन, 2 बजे विशाल भंडारा 6 बजे दीपदान भजन संध्या रात्रि 8 बजे से आकाशवाणी कलाकारों द्वारा भजन संध्या का आयोजन होगा।

**नरसिंह मंदिर गीता धाम में-** नरसिंह पीठाधीश्वर डॉक्टर स्वामी नरसिंह दास महाराज भगवान नरसिंह लक्ष्मी नारायण,भगवान योगेश्वर, श्री पारदेश्वर महादेव शंभो और गुरु पादुका का पूजन गीता धाम में करेंगे, तत्पश्चात प्रातः 8 बजे से साकेत वासी रामचंद्र दास शास्त्री महाराज, श्रीमद् जगतगुरु डॉ स्वामी श्याम देवाचार्य महाराज की समाधी पर अभिषेक पूजन अर्चन होगा। वहीं नरसिंह मंदिर मे गुरु पूजन प्रातः 10.30 बजे से 12 बजे तक होगा। 1.00 बजे से गीता धाम में गुरु पूजन, भक्त जनों को भोग भंडारा प्रसादी वितरण किया जाएगा।

**गुप्तेश्वर स्वयंभू सिद्धपीठ-** गुरुपूर्णिमा पर आज प्रातः 4 बजे से स्वयंभू सिद्धपीठ गुप्तेश्वर महादेव का रुद्राभिषेक किया जाएगा। मंगला आरती के बाद गुरु दर्शन, पूजन प्रातः 9 बजे से 12 बजे तक होगा। अपरान्ह 3 बजे से रात 10 बजे तक कार्यक्रम निरंतर चलेगा।



## केंट बोर्ड द्वारा बढ़ाये गए शुल्क को लेकर भाजपा ने सौंपा ज्ञापन

**जबलपुर।** केंट विधायक अशोक रोहाणी के निर्देश पर विधायक प्रतिनिधि एवं भाजपा कार्यकर्ताओं ने शुल्क बढ़ाए जाने को लेकर ज्ञापन सौंपा, केंट बोर्ड के अधीन आने वाले मैदानों का किराया, सुरक्षा निधि बढ़ाये जाने का निर्णय केंट बोर्ड के द्वारा विगत दिवस लिया गया था, उसे यथावत रखने हेतु ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन के माध्यम से अवगत कराया गया कि शिवाजी ग्राउण्ड में प्रतिवर्ष धार्मिक कार्यक्रमों जैसे दशहरा, मोहर्रम और खेल हेतु दंगल, फुटबॉल एवं क्रिकेट का आयोजन किया जाता है, मैदान का प्रतिदिन के हिसाब से किराया बढ़ने से प्रतिभावान खिलाड़ी प्रभावित होंगे, धार्मिक कार्यक्रमों के आयोजन में भी किराया बढ़ने से प्रभाव पड़ेगा। आज केंट बोर्ड के विकास कार्यों जैसे रिज बाजार, एफ.सी.आई. गोदाम की अस्थाई आवागमन की सुविधा बनाये जाने हेतु एवं वार्ड नं. 1 के नाले की जो कि वर्तमान में क्षतिग्रस्त अवस्था में है, उसकी मरम्मत का कार्य कराया जाए एवं जलप्वालन की समस्या की रोकथाम हेतु आवश्यक प्रबंध कराये जाने को कहा गया। इस अवसर पर आशीष राव, सौरभ गोयल, संजय जैन, सुंदर अग्रवाल, अजय पदम, संजय कपूर, गोविंद यादव, विजय पटेल, शेखर पिल्ले, संजय वर्मा, विकास बावरिया, ज्योति रेड्डी, वेद महावर, सुधीर शर्मा, श्रीमती संगीता पासी, चमन रजक, दशरथ पिल्ले, राहुल पिल्ले, राकेश पासी आदि उपस्थित रहे।

## महाकोशल खेल रत्न अलंकरण हेतु प्रविष्टियां आमंत्रित

**जबलपुर।** महाकोशल क्रीड़ा परिषद द्वारा विगत 25 वर्षों से खेल के जादूगर कहे जाने वाले मेजर ध्यानचंद के जन्मदिवस 29 अगस्त (राष्ट्रीय खेल दिवस) के अवसर पर मानस भवन में महाकोशल खेल रत्न अलंकरण सम्मान समारोह आयोजित है। मीडिया प्रभारी शकील अनवर के अनुसार इस खेल रत्न अलंकरण हेतु ऐसे सब जूनियर, जूनियर एवं सीनियर खिलाड़ी आवेदन कर सकते हैं, जिन्होंने अपनी खेल विधा में राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में पदक अर्जित किया हो। ऐसे खिलाड़ी को अपने खेल संघ के अध्यक्ष अथवा सचिव से उनके लेटर पैड पर अलंकरण प्राप्त करने का अनुशंसा पत्र लेना होगा, साथ ही खेल संघ के अध्यक्ष अथवा सचिव से प्रमाणित कराकर आवेदन संलग्न करना होगा। इसके अतिरिक्त किसी भी एक खेल विधा के निःशक्त उत्कृष्ट खिलाड़ी को भी उक्त खेल पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। सभी प्रविष्टियां 25 जुलाई 2025 तक सिविक सेंटर मढ़ाताल स्थित नायडू व्यायाम शाला में महाकोशल परिषद के मीडिया प्रभारी शकील अनवर के पास भेजी जा सकती हैं। इसके पश्चात प्राप्त होने वाली प्रविष्टियों पर विचार नहीं किया जाएगा।

## श्रमजीवी पत्रकार परिषद में 21000 पौधे रोपने का लिया संकल्प

### वृक्षारोपण आज के समय की नितांत आवश्यकता है : रिंकू विज

**जबलपुर। पर्यावरण संरक्षण एवं जलवायु परिवर्तन के प्रति जन-जागरूकता को सशक्त बनाने हेतु राष्ट्रीय श्रमजीवी पत्रकार परिषद के पैनल तले पूरे प्रदेश में 21000 पौधों के रोपण का संकल्प के महा अभियान का शुभारंभ किया गया इस अभियान में पीपुल्स फोरम की विशिष्टय सहभागिता रही।**



'पौधरोपण महाअभियान' का शुभारम्भ चन्दन वन मे नगरनिगम अध्यक्ष रिंकू विज,अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सूर्यकांत शर्मा एवं वरिष्ठ अधिवक्ता एवं सामाजिक व्यक्तित्व विशाल दत्त के मुख्य आतीथ्य एवं परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष परमानंद तिवारी, राष्ट्रीय संयोजक नलिन कांत वाजपेई की अध्यक्षता तथा समाजसेवी अजय तिवारी, परिषद के मुख्य महासचिव विलोक पाठक, प्रदेश संगठन महासचिव अनुरोध पटेरिया, जबलपुर संभागीय अध्यक्ष पंडित चंद्रशेखर शर्मा, प्रदेश प्रवक्ता उमेश शुक्ला,जिला महा सचिव अनुराग दिक्षित, प्रदेश महासचिव समाज कल्याण प्रकोष्ठ इंजीनियर तरुण सोनाने, पार्षद श्रीमती लवलीन आनंद की विशिष्ट उपस्थिति में पर्यावरण संरक्षण एवं जलवायु परिवर्तन के प्रति जन-जागरूकता को सशक्त बनाने हेतु 'पौधरोपण महाअभियान' के अंतर्गत चंदन वन में 51 पौधों का पौधरोपण किया गया। इस अवसर पर *नगरनिगम अध्यक्ष रिंकू विज* ने कहा कि जन्मदिन हो या शादी की सालगिरह इन खास मौकों को यादगार बनाने के लिए आंगनबाड़ी केंद्रों सरकारी स्कूलों एवं पार्को में हम सभी जाएं और वहां बच्चों को मिठाई बांटें और पेड़ लगाएं और और बच्चों को पर्यावरण के प्रति जागरूक करें और खुद भी जागरूक रहे।

## यू डाइस पोर्टल में लॉगिन न होने की वजह से कार्य प्रभावित

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश जागरूक अधिकारी कर्मचारी संगठन के प्रांतीय सचिव गुडविन चार्ल्स ने बताया कि यू डाइस पोर्टल में लॉगिन न होने से शिक्षकों को समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है जिससे छात्र-छात्राओं के अपडेसन के कार्यों के अलावा स्कूलों के ऑनलाइन होने वाले कार्य पेंडिंग पड़े हैं, जबकि बीआरसी कार्यालय द्वारा पासवर्ड रीसेट करके दिया जा रहा है उसके बाद भी टीचर्स के मोबाईल से यू डाइस प्लस में लॉगिन नहीं हो पा रहा है जिस वजह से शिक्षकों को परेशानी हो रही है और स्कूल का काम भी पिछड़ रहा है, पहले मोबाईल से हो जाता था अब मोबाईल से आईडी पासवर्ड डालने से भी पोर्टल नहीं खुल रहा है। संगठन ने जिला शिक्षा केंद्र जबलपुर से मांग की है कि शीघ्र अतिशीघ्र पोर्टल को पहले जैसा चालू किया जाए ताकि सभी कार्य सुचारू रूप से किया जा सके ताकि शिक्षक प्रताड़ित न हो सकें। प्रदेश अध्यक्ष रॉबर्ट मार्टिन, गुडविन चार्ल्स, राजेश सहारिया, हेमंत ठाकरे, दिनेश गोंड, राकेश श्रीवास, शहीर मुमताज़, राजकुमार यादव, सुरेंद्र चौधरी, रऊफ खान, आदि ने मांग की है।

## स्कूल से दोस्तों के साथ निकला बालक भूल गया रास्ता

**-लिटिल किंगडम स्कूल से घर नहीं पहुंचा था मासूम, डायल 100 और अधारताल पुलिस की मुस्तैदी से सकुशल मिला**

**हरिभूमि, जबलपुर।** अधारताल क्षेत्र के लिटिल किंगडम स्कूल से एक 10 वर्षीय बालक स्कूल से छुट्टी के बाद घर नहीं पहुंचा, जिससे परिवार में घबराहट फैल गई। परिजनों की सूचना पर पुलिस ने तत्परता से कार्रवाई करते हुए महज कुछ ही घंटों में बालक को सकुशल तलाश कर परिजनों को सौंप दिया। पुलिस कन्ट्रोल रूम को डायल 100 पर सूचना मिली कि एक बालक स्कूल से छुटने के बाद लापता हो गया है। जानकारी मिलते ही एफआरवी 31 को तत्काल सक्रिय किया गया और थाना अधारताल को सूचित कर कार्रवाई प्रारंभ की गई। टीआई प्रवीण कुमरे के निर्देशन में टीम गठित की गई जिसने स्कूल परिसर और आसपास के इलाकों में तलाश शुरू की। साथ ही सीसीटीवी फुटेज भी खंगाले गए। कुछ ही देर में बालक धनी की कुटिया के पास खड़ा मिला, जिसे पुलिस ने सकुशल परिजनों के सुपुर्द किया। पूछताछ में बालक ने बताया कि वह बस से स्कूल आता-जाता है। छुट्टी के बाद वह स्कूल के पिछले गेट से बाहर निकल गया और अपने जान-पहचान के दोस्तों के साथ खाने चला गया। दोस्त उसे छोड़कर चले गए, जिससे वह रास्ता भूल गया और असमंजस की स्थिति में वहीं खड़ा रहा।

### पुलिस की तत्परता से टली बड़ी अनहोनी-

इस घटनाक्रम में प्रधान आरक्षक प्रेमलाल विश्वकर्मा, मनोज पांडे, महेन्द्र बिष्ट, अंकुर, अभिनव, डायल 100 प्रभारी उपनिरीक्षक दिव्या तिवारी, ASI ईश्वरदास, महिला प्रधान आरक्षक ललिता कुशवाह, एफआरवी पायलट अजय व परसराम की भूमिका सराहनीय रही।

## 251 कुण्डीय यज्ञ के लिए स्थापित हुआ दिव्य शक्ति कलश

### श्रीनाथ की तलैया से निकली कलश शोभायात्रा का गायत्री शक्तिपीठ मनमोहन नगर में समापन

जबलपुर।

अखिल विश्व गायत्री परिवार, गायत्री शक्तिपीठ मनमोहन नगर द्वारा 19 दिसम्बर से 22 दिसम्बर 2025 को चार दिवसीय 251 कुण्डीय शक्ति संवर्धन गायत्री महायज्ञ ग्वारीघाट में आयोजित किया जा रहा है। तत्संबंध में गायत्री तीर्थ शांतिकुंज हरिद्वार से लाये गए दिव्य शक्ति कलश की शोभायात्रा आज दोपहर 3 बजे भव्य स्वरूप में निकाली गई, जिसकी स्थापना शाम 5 बजे सांसद आशीष दुबे द्वारा पूजन कर गायत्री शक्तिपीठ पर की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ गायत्री शक्तिपीठ, श्रीनाथ की तलैया पर पांच देवकन्याओं द्वारा कलश के पूजन अर्चन से हुआ। कलश के



पूजन अर्चन में सनातन धर्म सभा के अध्यक्ष श्याम साहनी, उपाध्यक्ष शरद काबरा और उपजोन प्रभारी नरेश तिवारी जबलपुर, ट्रस्टी बी.बी. शर्मा, व्यवस्थापक प्रमोद राय, जिला समन्वयक प्रेमशंकर तिवारी, नारायण दुबे, प्रकाश मुरजानी उपस्थित रहे। इस अवसर पर उत्तर-मध्य विधानसभा के विधायक अभिलाष पांडे की विशेष प्रतिनिधि वंदना पांडे भी दिव्य कलश शोभायात्रा में शामिल हुईं और गायत्री शक्तिपीठ पहुंचकर उन्होंने सिर पर कलश रखकर आशीष ग्रहण किया।



## तीन सूत्रीय मांगों के लिए मध्यप्रदेश लघुवेतन कर्मचारी संघ ने ज्ञापन सौंपा

**जबलपुर।** नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण संभागीय प्रकोष्ठ के अध्यक्ष वैद्यनाथन अय्यर एवं दिवेन्द्र कुमार पटेल के द्वारा बताया गया कि अजय दुबे प्रान्तीय महामंत्री, विपिन पीपरे संभागीय अध्यक्ष की अध्यक्षता में 8.7.2025 को तीन सूत्रीय मांगों के संबंध में मुख्य अभियंताद्वय, अपर नर्मदा जोन एवं रानी अवंती बाई सागर परियोजना, बरगी हिल्स को जिसमें प्रमुख मांग चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की डी.पी.सी., शासन के नियमानुसार जुलाई 2025 एवं दिसंबर 2025 में करने, स्थाई कर्मियों को गमबूट, बरसाती प्रदाय करने, स्थायी कर्मियों को सातवाँ वेतनमान दिय जाने की माँग को लेकर ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन सौंपते वक्त प्रांतीय सचिव सहदेव रजक, ओमप्रकाश पनगरहा, संतोष पटेल, शिव नारायण साहू, तीरथ प्रसाद, शैलेष जैन गोलू, संजय अरसिया, कृष्ण कुमार पटेल, राजेन्द्र यादव, दौलत सतनामी, रामप्रकाश सहित बड़ी संख्या में कर्मचारी उपस्थित रहे।

## उर्स मुफ्ती ए आज़म हिंद आज

**जबलपुर।** हुजुर मुफ्ती ए आज़म हिंद के उर्स के मौके पर बड़ी ओमती जामा मस्जिद में बाद नमाज ईशा बज्मे गुलामाने रजा के संयोजन से एक अजीमुश्शान जलसे का एहतेमाम मुफ्ती ए आज़म मध्यप्रदेश हजरत मौलाना मुशाहिद रजा कादरी की सरपरस्ती में किया गया है। हजरत मौलाना हाफ़िज़ मुहम्मद रजा साहब व हजरत मौलाना हाफिज़ कारी फजल हक्कानी अपनी नूरानी तकरीर बयान करेंगे। जलसे में सलीम नूरी नात शरीफ पढ़ेंगे एवं संचालन अब्दुल जब्बार रजवी करेंगे। बज्मे गुलामाने रजा ने अकीदतमंदों से शिरकत कर सवाबे दारेन हासिल करने की गुजारिश की है।

## सम्मेद शिखरजी में सिद्धचक्र महामंडल विधान का आयोजन

**जबलपुर।** निर्वाण भूमि सम्मेद शिखर जी में अष्टानिका महापर्व के अवसर पर जैन श्रावकों द्वारा मुनि आर्यिका संघ के सानिध्य में सिद्धचक्र महामंडल विधान आयोजित हो रहा है, जिसमें सिद्धों की आराधना की जा रही है। यह आयोजन 03 से 11 जुलाई तक होगा। आचार्य विद्यासागर जी की प्रेरणा और आचार्य समय सागर के आशीर्वाद से निर्यापक श्रमण मुनिश्री समता सागर के नेतृत्व में 57 पिच्छीधारी साधुओं और आर्यिकाओं के सानिध्य में यह आयोजन हो रहा है।इस अनुष्ठान का आयोजन विधानाचार्य ब्र. मनोज भैया, ब्र. मधुर भैया (ललितपुर) और ब्र. राकेश भैया के निर्देशन में जिनेन्द्र कुमार, नितिन जैन (APO- जनपद पंचायत दमोह) हटा वाला परिवार दमोह के द्वारा आयोजित किया जा रहा है। इस विधान में बुंदेलखंड के विभिन्न क्षेत्रों दमोह, सागर, जबलपुर, ललितपुर के अलावा इंदौर, जबलपुर, करेली, खरगौन और दुबई सहित अनेक स्थानों से श्रद्धालु शामिल हो रहे हैं।सिद्धचक्र महामंडल विधान में पुण्यार्जक परिवार लगभग 200 श्रावकों के साथ यह अनुष्ठान कर रहा है। इस अवसर पर ब्र. सिप्पी भैया, अंचल जैन (पंजाब नेशनल बैंक), चीकू सेठ, मनीष जैन, सुमित आर्जव दमोह आदि भी इस आयोजन में शामिल हुए हैं।

**कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी**
**सम्भाग क्रमांक 11 नगर निगम, जबलपुर**
पत्र क्र. /स. क्र.11/2025-26
दिनांक:- 09/08/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री दिलीप कुमार तोतलानी पिता लाधाराम श्रीमति पूनम तोतलानी पत्नि दिलीप तोतलानी ने वार्ड क्रमांक 65 वार्ड का नाम सुभाष चंद्र बनर्जी के भवन क्रमांक पुलिस स्टेशन सम्पत्ति के पिन क्रमांक 1000398014 पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल 1827 व.फु. जिस पर निर्मित तलघर 1335 व.फु. भूतल 1192 व.फु. आरसीसी प्रथम तल 1254 व.फु. द्वितीय तल 1254 तृतीय तल 1254 व.फु. टॉवर 284 विक्रय पत्र, के आधार पर निगम में दर्ज श्रीमति कंचन लालवानी पति सुंदरदास लालवानी श्रीमति अंजली लालवानी पति श्री मुकेश लालवानी का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तन किये जाने जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-11, राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम, जबलपुर में प्रमाणं सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी**
**संभाग क्रं.11**
**नगर निगम, जबलपुर**

**कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी**
**सम्भाग क्रमांक 11 नगर निगम, जबलपुर**
पत्रांक-स.क्र. 11/2025-26/ दिनांक 08/07/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमति मिताली आगस्तय पति श्री प्रियंक आगस्तय ने वार्ड क्रमांक 67 वार्ड का नाम रानी अवंती बाई के भवन क्रमांक प्लाट नं. 313/1, 313/1/2P-4 सम्पत्ति के पिन क्रमांक 1000382102 पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल/रकबा 2875 वर्गफुट विक्रय पत्र के आधार पर निगम में दर्ज श्री आशीष गुप्ता पिता श्री ताराचंद गुप्ता का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तित किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-11, राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम, जबलपुर मेंप्रमाणं सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी**
**संभाग क्रं.11**
**नगर निगम, जबलपुर**

**आम-सूचना**

मैं अपने पक्षकार अब्दुल कादिर खाँ आत्मज स्व. गफूर खाँ निवासी-1597 हनुमानताल, जबलपुर म.प्र. की ओर से अधिकृत होकर आम जनता को सूचित करता हूँ कि, मेरे पक्षकार मैनेजिंग पार्टनर अनवर खाँ महबूब खान कंपनी का सन् 1978 में बराबर-बराबर का हिस्सा हो गया था एक हिस्सा अनवर खाँ महबूब ताज बीडी जिसके पार्टनर मकबूल अहमद बनें और दूसरा हिस्सा अनवर खाँ महबूब चांद बीडी कंपनी के मैनेजिंग पार्टनर अब्दुल कादर खाँ है। उपरोक्त दोनों व्यक्ति मैनेजिंग पार्टनर है किन्तु मेरे पक्षकार को यह ज्ञात हुआ है कि मकबूल अहमद स्वयं को मैनेजिंग डायरेक्टर बनाकर उक्त संपत्ति को विक्रय करने की कोशिश कर रहे है अतः आम सूचना जारी की जाती है कि बिना किसी अन्य पार्टनरों की सहमति के अनवर खाँ मेहबूब चांद बीड़ी अनवर खाँ मेहबूब ताज बीड़ी की कोई भी संपत्ति बिना सभी पार्टनरों की सहमति के क्रय न करें। अन्यथा मेरा पक्षकार उक्त संपत्ति के विरुद्ध भी विधिक कार्यवाही करने के लिए तत्पर होगें जिसके समस्त परिणामों के लिए क्रेता एवं विक्रेता स्वयं उत्तरदायी होंगें।
जबलपुर, दिनांक: 07/07/2025

भवदीय
(शबाब खान) अधिवक्ता
मो.नं. 7987585748

**In The Court of IV Civil Judge Class-II, District Court, Jabalpur**
Presiding Officer : मेघा पुरोहित
(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अन्तर्गत प्रकाशन हेतु) (RCS A/0000791/2025)
रिशव दुशिया.......वादी Vs
म.प्र. शासन.................प्रतिवादी
Process Id-/ 2025
प्रेषिती. पेशी दिनांक :-05/08/2025
(1) आम जनता पता जिला जबलपुर मप्र ।
यह कि प्रार्थी रिशव दुशिया ने आपके विरूद्ध सिविल सूट। वाद वास्ते घोषणा हेतु मूल्यांकन 1500 रुपये । के लिए वाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात / हाजिर होने के लिये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है। पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावा या प्रतिदावा के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावे। आज तारीख 07 July 2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

सील
मेघा पुरोहित
चतुर्थ व्यवहार न्यायाधीश
कनिष्ठ खण्ड, जबलपुर (म.प्र)

कृपया ध्यान दें:-1. यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।

## नौसेना को सौंपा गया पोत 'निस्तार'

# गहरे समुद्र में चलाया जा सकेगा गोताखोरी और बचाव अभियान कार्य

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पहला स्वदेशी रूप से निर्मित गोताखोरी सहायता पोत 'निस्तार' बुधवार को भारतीय नौसेना को सौंप दिया गया है। यह पोत गहरे समुद्र में गोताखोरी और बचाव कार्य करने में सक्षम है और पनडुब्बी बचाव के लिए मुख्य जहाज के रूप में भी काम करेगा। 'निस्तार' लगभग 75 प्रतिशत स्वदेशी सामग्री से बना है और इसे हिंदुस्तान शिपयार्ड लिमिटेड ने डिजाइन किया है और विकसित किया है। यह सरकार के आत्मनिर्भरभारत के दृष्टिकोण और भारतीय नौसेना के पानी के नीचे के क्षेत्र में अपनी क्षमताओं को मजबूत करने के संकल्प के अनुरूप है।

*'निस्तार' पनडुब्बी बचाव के लिए मुख्य जहाज के रूप में भी काम करेगा। यह लगभग 75 प्रतिशत स्वदेशी सामग्री से बना है और इसे हिंदुस्तान शिपयार्ड लिमिटेड ने डिजाइन किया है और विकसित किया है*

**खास बातें**

- जहाज 118 मीटर लंबा, और करीब 10000 टन वजनी
- पानी के नीचे पनडुब्बी में आपातकाल स्थिति में मदद करेगा



### पहला स्वदेशी रूप से डिजाइन पोत

नौसेना के प्रवक्ता ने कहा कि निस्तार पहली स्वदेशी रूप से डिजाइन और निर्मित गोताखोरी सहायता पोत है। इसे हिंदुस्तान शिपयार्ड लिमिटेड ने 8 जुलाई को विशाखापत्तनम में भारतीय नौसेना को सौंपा गया। यह एक खास तरह का पोत है और गहरे समुद्र में गोता लगाने और बचाव का काम करने में सक्षम है। ऐसी क्षमता दुनिया की कुछ ही नौसेनाओं के पास होती है।

### संस्कृत शब्द 'निस्तार' का मतलब बचाव

प्रवक्ता ने बताया कि यह युद्धपोत भारतीय रजिस्टर ऑफ शिपिंग (आईआरएस) के नियमों के अनुसार डिजाइन और बनाया गया है। 'निस्तार' नाम संस्कृत शब्द से लिया गया है, जिसका अर्थ मुक्ति, बचाव या उद्धार होता है। यह पोत गहरे जलमग्न बचाव पोत (डीएसआरवी) के लिए 'मदर शिप' यानी मुख्य जहाज के रूप में भी काम करेगा।

### 1000 मीटर गहराई तक बचाव कार्य करेगा

प्रवक्ता ने बताया कि यह जहाज 118 मीटर लंबा है और लगभग 10,000 टन वजन का है, जिसमें अत्याधुनिक गोताखोरी के उपकरण लगे हुए हैं और यह 300 मीटर गहराई तक जटिल इस जहाज में 75 मीटर गहराई तक गोताखोरी के काम के लिए साइड डाइविंग स्टेज भी लगा हुआ है। नौसेना के प्रवक्ता ने कहा कि यह पोत गोताखोरों की निगरानी और 1000 मीटर गहराई तक बचाव कार्यों के लिए दूर से नियंत्रित वाहन (रिमोटली ऑपरेटेड व्हीकल्स) से लैस है।

---

## खबर संक्षेप

### 26 साल से फरार चल रही मोनिका गिरफ्तार



**वॉशिंगटन।** सीबीआई ने कथित आर्थिक अपराधी मोनिका कपूर को अमेरिका से हिरासत में ले लिया है। 26 साल से फरार चल रही मोनिका को सीबीआई की टीम भारत लाएगी। न्यूयॉर्क स्थित यूनाइटेड स्टेट्स डिस्ट्रिक्ट कोर्ट (ईस्टर्न डिस्ट्रिक्ट) ने भारत और अमेरिका के बीच द्विपक्षीय प्रत्यर्पण संधि के तहत उनके प्रत्यर्पण को मंजूरी दी थी। मोनिका कपूर 1999 में कथित धोखाधड़ी के बाद अमेरिका भाग गई थी। इससे भारतीय राजस्व को लगभग 5.7 करोड़ रुपए) से अधिक का नुकसान हुआ था। भारत ने अक्तूबर 2010 में प्रत्यर्पण मांगा।

### हूती विद्रोहियों का जहाज पर हमला, तीन की मौत



**साना।** यूरोपीय संघ की नौसेना ने बताया कि यमन के हूती विद्रोहियों ने लाल सागर में एक मालवाहक जहाज पर हमला किया, जिसमें 3 नाविकों की मौत हो गई और 2 लोग घायल हो गए। यह जहाज लाइबेरिया के झंडे वाला था। यह हमला एक ग्रीस की कंपनी के जहाज 'इटरनिटी सी' पर हुआ। सोमवार रात को जब जहाज उत्तर दिशा में स्वेज नहर की ओर बढ़ रहा था, तभी छोटी नावों में सवार कुछ लोगों ने और बम से लैस ड्रोन से उस पर हमला किया गया। हमले में घायल चालक दल के एक सदस्य को अपना पैर गंवाना पड़ा है।

---

## भारत और नामीबिया के मध्य चार समझौतों पर हस्ताक्षर हुए

# रक्षा, सुरक्षा, कृषि, स्वास्थ्य सेवा, शिक्षा के क्षेत्र में द्विपक्षीय सहयोग बढ़ाने पर की चर्चा

एजेंसी ▶▶ विंडहोक

पीएम नरेंद्र मोदी पांच देशों की यात्रा के अंतिम पड़ाव में नामीबिया पहुंचे। उन्होंने नामीबिया की राष्ट्रपति डॉ. नेटुम्बो नंदी-नदैतवा के साथ नामीबिया के विंडहोक में बुधवार को प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता की। इस दौरान कई समझौता प्रस्तावों पर सहमति बनी और दोनों राष्ट्राध्यक्षों ने समझौतों पर हस्ताक्षर किए। इसके बाद भारत और नामीबिया ने पीएम नरेंद्र मोदी और नामीबिया की राष्ट्रपति डॉ. नेटुम्बो नंदी-नदैतवाह की उपस्थिति में समझौता ज्ञापनों का आदान-प्रदान किया।

पीएम मोदी ने राष्ट्रपति डॉ. नेटुम्बो नेंडी-नदैतवा के साथ डिजिटल प्रौद्योगिकी, रक्षा, सुरक्षा, कृषि, स्वास्थ्य सेवा, शिक्षा और महत्वपूर्ण खनिज जैसे क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग बढ़ाने के तरीकों पर चर्चा की।

*पीएम मोदी ने कहा कि नामीबिया की राष्ट्रपति के साथ डिजिटल प्रौद्योगिकी, रक्षा, सुरक्षा, कृषि, स्वास्थ्य सेवा, शिक्षा और महत्वपूर्ण खनिज जैसे क्षेत्रों में सहयोग हमारी चर्चा में प्रमुखता से शामिल रहा। हमने व्यापार, ऊर्जा और पेट्रोकेमिकल्स के क्षेत्र में संबंधों को प्रगाढ़ करने के तरीकों पर भी चर्चा की*

**प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता के दौरान आपसी संबंधों की समीक्षा की**

**'प्रोजेक्ट चीता' में नामीबिया की सहायता के लिए आभार व्यक्त किया**



### नामीबिया में उद्यमिता विकास केंद्र स्थापित करेगा भारत

*पीएम मोदी ने बताया कि स्टेट हाउस में वार्ता के बाद दोनों पक्षों ने चार समझौतों पर हस्ताक्षर किए, जिनमें स्वास्थ्य और चिकित्सा के क्षेत्र में सहयोग, नामीबिया में उद्यमिता विकास केंद्र की स्थापना, सीडीआरआई (आपदा प्रतिरोधी बुनियादी ढांचे के लिए गठबंधन) फ्रेमवर्क और वैश्विक जैव ईंधन गठबंधन फ्रेमवर्क शामिल हैं।*



### नामीबिया के संस्थापक को श्रद्धांजलि दी

पीएम नरेंद्र मोदी ने राष्ट्रीय स्मारक 'हीरोज एकर' में नामीबिया के संस्थापक सैम नुजोमा को श्रद्धांजलि भी अर्पित की। नुजोमा ने 1990 में नामीबिया को स्वतंत्रता दिलाई और 15 वर्षों तक इसके राष्ट्रपति रहे थे। राष्ट्रपति नेंडी-नदैतवा के निमंत्रण पर नामीबिया पहुंचे पीएम मोदी ने कहा कि भारत नामीबिया के साथ द्विपक्षीय सहयोग बढ़ाना चाहता है जो अफ्रीका में एक 'महत्वपूर्ण और विश्वसनीय साझेदार' है।

### ऊर्जा और पेट्रोकेमिकल्स के क्षेत्र में चर्चा

*बैठक के बाद सोशल मीडिया 'एक्स' पर एक पोस्ट में पीएम मोदी ने कहा कि डिजिटल प्रौद्योगिकी, रक्षा, सुरक्षा, कृषि, स्वास्थ्य सेवा, शिक्षा और महत्वपूर्ण खनिज जैसे क्षेत्रों में सहयोग हमारी चर्चा में प्रमुखता से शामिल रहा। हमने व्यापार, ऊर्जा और पेट्रोकेमिकल्स के क्षेत्र में संबंधों को प्रगाढ़ करने के तरीकों पर भी चर्चा की। 'प्रोजेक्ट चीता' में नामीबिया की सहायता के लिए आभार व्यक्त किया।*

---

## ... फिर बेनकाब हुआ पाकिस्तान



# लश्कर आतंकी को लेकर झूठ बोल गईं पूर्व विदेश मंत्री हिना रब्बानी

एजेंसी ▶▶ इस्लामाबाद

पाकिस्तान आतंकियों की पनाहगाह है, ये बात पूरी दुनिया जानती होगी, लेकिन पाकिस्तान की सरकार और वहां के नेता अभी भी इसे मानने को तैयार नहीं हैं और लगातार इससे इनकार करते आए हैं। अब एक बार फिर पाकिस्तान बेनकाब हो गया है। पाकिस्तान की पूर्व विदेश मंत्री हिना रब्बानी खार एक इंटरव्यू के दौरान अपने ही बयान में फंस गईं और फिर कैमरे पर साफ झूठ बोलकर अपनी और अपने देश की फजीहत करा बैठीं। हिना रब्बानी खार ने दावा किया कि ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारत के हवाई हमले में मारे गए आतंकियों के जनाजे की नमाज पढ़ने वाला लश्कर आतंकी अब्दुल रऊफ आतंकी नहीं बल्कि आम आदमी है।

### चेहरे का रंग उड़ गया

पत्रकार ने एक तस्वीर दिखाकर हिना से कहा कि जो व्यक्ति नमाज पढ़ रहा है, वह अमेरिका द्वारा घोषित आतंकी है। इस बारे में उनका क्या कहना है? इस पर हिना ने कहा कि मैं पूरे दावे और अधिकार से कह रही हूं कि तस्वीर में दिख रहा व्यक्ति अंतरराष्ट्रीय रूप से घोषित आतंकी अब्दुल रऊफ नहीं बल्कि पाकिस्तान का आम व्यक्ति है और ऐसे अब्दुल रऊफ पाकिस्तान में लाखों हैं। इस पर पत्रकार ने बताया कि पाक सेना ने खुद प्रेस कॉन्फ्रेंस की थी और उस व्यक्ति को आतंकी बताया था। साथ ही पाकिस्तानी सेना ने तस्वीर में दिख रहे व्यक्ति की नेशनल आईडी भी साझा की थी, जो अमेरिका द्वारा घोषित आतंकी की नेशनल आईडी से मेल खाती है। इस पर हिना रब्बानी खार के चेहरे का रंग उड़ गया।

### तुर्की के विदेश और रक्षा मंत्री पहुंचे पाक

तुर्की के विदेश मंत्री हाकन फिदान और रक्षा मंत्री यासर गुलर पाकिस्तान के दौरे पर हैं। फिदान और गुलर बुधवार को इस्लामाबाद पहुंचे हैं। दोनों मंत्रियों की पाकिस्तानी पीएम शहबाज शरीफ और विदेश मंत्री मोहम्मद इशाक डार के अलावा सेना प्रमुख जनरल असीम मुनीर के साथ मुलाकात होनी है। तुर्की के दोनों नेता, पाकिस्तानी नेताओं और सैन्य अफसरों के साथ बैठक में अर्थव्यवस्था, व्यापार, सैन्य मामलों और रक्षा उद्योग जैसे क्षेत्रों में सहयोग पर बात करेंगे। दोनों देशों के नेता इस साल फरवरी में इस्लामाबाद में हुई उच्च-स्तरीय सामरिक सहयोग परिषद की बैठक की समीक्षा और अगले साल तुर्की में होने वाली अगली बैठक की तैयारी पर चर्चा करेंगे।

---



## रूस का अब तक का सबसे बड़ा हमला

# यूक्रेन पर दागे 728 ड्रोन और 13 मिसाइलें, बिजली और संचार ठप

एजेंसी ▶▶ कीव

यूक्रेन पर रूस ने मंगलवार रात को रिकॉर्ड 728 ड्रोन और 13 मिसाइलें दागीं। यूक्रेन की वायुसेना ने इस हमले को अब तक का सबसे बड़ा हमला करार दिया है। इन ड्रोनों में ईरान निर्मित 'शाहिद' ड्रोन और कई डिकॉय ड्रोन शामिल थे। हमले का मुख्य निशाना यूक्रेन का पश्चिमी वोलिन क्षेत्र और उसकी राजधानी लुत्स्क रहा, जो पोलैंड और बेलारूस की सीमा से सटा हुआ है। यह हमला रातभर चला और इसका असर कई इलाकों में बिजली सप्लाई और संचार नेटवर्क पर पड़ा। इससे नागरिकों में दहशत फैल गई। यूक्रेनी ने 296 ड्रोनों और 7 मिसाइलों को मार गिराया।

### मैं पुतिन से खुश नहीं हूं: राष्ट्रपति ट्रंप

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि उन्होंने यूक्रेन को अतिरिक्त हथियार भेजने को मंजूरी दी है और वे रूस पर नए प्रतिबंधों पर विचार कर रहे हैं। ट्रंप ने मंगलवार को व्हाइट हाउस में एक कैबिनेट बैठक के दौरान रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन पर नाराजगी जताते हुए कहा कि मैं पुतिन से खुश नहीं हूं। रूसी और यूक्रेनी सैनिक हजारों की संख्या में मर रहे हैं। हम यूक्रेन को कुछ हथियार भेज रहे हैं और मैंने इसकी मंजूरी दी है। हम रूस पर व्यापक प्रतिबंध लगाने वाले एक द्विपक्षीय सीनेट बिल का समर्थन करने पर विचार कर रहे हैं।

### रूस ने अंतरराष्ट्रीय कानून का उल्लंघन किया

*यूरोप की शीर्ष मानवाधिकार अदालत ने बुधवार को अपने फैसले में कहा कि रूस ने यूक्रेन में अंतरराष्ट्रीय कानून का घोर उल्लंघन किया है। साथ ही अदालत ने 2014 में विमान 'एमएच 17' को मार गिराए जाने के लिए भी रूस को जिम्मेदार ठहराया। यूक्रेन पर 2022 से जारी रूस के हमलों के बीच पहली बार किसी अंतरराष्ट्रीय अदालत ने मॉस्को को मानवाधिकारों के हनन के लिए जिम्मेदार ठहराया है। यह भी पहली बार है जब किसी अंतरराष्ट्रीय अदालत ने 2014 की विमान त्रासदी के लिए रूस को जिम्मेदार ठहराया है, जिसमें 298 लोगों की जान चली गई थी।*

---

## 160 किमी की स्पीड, आगरा में ठहराव

# इस माह हो सकता है निजामुद्दीन इंदौर वंदे भारत एक्सप्रेस का ट्रायल



एजेंसी ▶▶ आगरा

रेल मंडल आगरा को एक और वंदे भारत एक्सप्रेस मिल सकती है। इस माह निजामुद्दीन-इंदौर वंदे भारत का परीक्षण होगा। यह परीक्षण नई दिल्ली से मथुरा के मध्य होगा। इस हिस्से में कवच प्रणाली भी लगी है।

### रेलवे बोर्ड ने प्रस्ताव बनाकर भेजा

यह वंदे भारत पांच से सात मिनट तक आगरा कैंट में ठहराव होगा। यह 5वीं वंदे भारत होगी। रेलवे बोर्ड को इसका प्रस्ताव बनाकर भेज दिया गया था। बोर्ड के प्रवक्ता ने बताया कि नई रैक मिल चुकी है। जल्द ही निजामुद्दीन-इंदौर वंदे भारत एक्सप्रेस का परीक्षण किया जाएगा। ट्रेन की अधिकतम गति 160 किमी प्रति घंटा व औसत गति 120 से 130 किमी प्रति घंटा तक होगी।

---

## अमरनाथ यात्रा में उमड़ी भीड़

# छह दिन में 1.11 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने किए बाबा के दर्शन

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

इस वर्ष अमरनाथ यात्रा के पहले छह दिनों में 1.11 लाख से अधिक श्रद्धालु पवित्र गुफा में बाबा बर्फानी के दर्शन कर चुके हैं। बुधवार को जम्मू के भगवती नगर यात्री निवास से 7,579 श्रद्धालुओं का नया जत्था कश्मीर की ओर रवाना हुआ। अधिकारियों ने बताया कि यात्रा की शुरुआत 3 जुलाई से हुई थी और तब से लेकर अब तक 1.11 लाख से ज्यादा यात्रियों ने दर्शन किए हैं।



### ऑन-द-स्पॉट रजिस्ट्रेशन कर रहे

श्री अमरनाथजी श्राइन बोर्ड के अधिकारियों के मुताबिक जम्मू के भगवती नगर यात्री निवास से पहुंचने वालों के अलावा, कई श्रद्धालु सीधे बालटाल और नुनवान (पहलगाम) बेस कैंप पर जाकर ऑन-द-स्पॉट रजिस्ट्रेशन कर यात्रा में शामिल हो रहे हैं। मौसम विभाग ने जम्मू-कश्मीर में अगले 24 घंटों के दौरान बारिश, बौछारों और गरज-चमक की चेतावनी दी है।

---

## यूपी के मुरादाबाद में हुआ था जन्म

# एप्पल के नए सीओओ बने भारतीय मूल के सबीह खान

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



एप्पल ने भारतीय मूल के सबीह खान को अपना नया चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर (सीओओ) नियुक्त किया है। वे जेफ विलियम्स की जगह लेंगे, जो इस साल के अंत में रिटायर हो रहे हैं। सबीह खान पिछले 30 साल से एप्पल में काम कर रहे हैं और वर्तमान में ऑपरेशंस के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट हैं। वे जेफ विलियम्स की जगह लेंगे, जो इस महीने के अंत में अपनी जिम्मेदारियां छोड़ देंगे। सबीह खान का जन्म 1966 में यूपी के मुरादाबाद में हुआ था। स्कूली दिनों में वे अपने परिवार के साथ सिंगापुर चले गए और बाद में अमेरिका आकर बस गए। उन्होंने टफ्ट्स यूनिवर्सिटी से अर्थशास्त्र और मैकेनिकल इंजीनियरिंग में डिग्री हासिल की और फिर आरपीआई से मैकेनिकल इंजीनियरिंग में मास्टर्स किया।

---

## अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर किसान बने ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला

# प्रयोग के तहत उगा रहे साथ ले गए मेथी और मूंग के बीज

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) पर अपने 14 दिवसीय प्रवास के 12 दिन पूरे कर चुके हैं। इन 10 दिनों में उन्होंने कई प्रयोग किए। प्रयोगों के क्रम में उन्होंने किसान की भी भूमिका निभाई। उन्होंने अपने साथ ले गए मेथी और मूंग के बीजों का अंकुरण किया।

आईएसएस में स्प्राउट्स प्रोजेक्ट को सूक्ष्म गुरुत्वाकर्षण अंकुरण और पौधों के शुरुआती विकास और उन पर पड़ने वाले असर का अध्ययन करने के लिए अंजाम दिया जा रहा है। बता दें कि पृथ्वी पर स्प्राउट्स प्रोजेक्ट का नेतृत्व कृषि विज्ञान विश्वविद्यालय, धारवाड़ के रविकुमार होसामणि और भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, धारवाड़ के सुधीर सिद्धपुरेड्डी कर रहे हैं। एक्सिओम स्पेस की ओर से इस शोध को लेकर जारी बयान में कहा गया है कि पृथ्वी पर वापस आने के बाद इन बीजों को कई पीढ़ियों तक उगाया जाएगा। जिससे कि उनके आनुवंशिकी, सूक्ष्मजीवी पारिस्थितिकी तंत्र और पोषण प्रोफाइल में होने वाले परिवर्तनों की जांच की जा सके।



**'स्प्राउट्स प्रोजेक्ट' में पौधों के अंकुरण शुरुआती विकास का अध्ययन किया**

### गर्व है इसरो दुनियाभर के संस्थानों के साथ मिलकर काम कर रहा

अपने प्रयोगों को लेकर शुभांशु ने एक्सिओम स्पेस की मुख्य वैज्ञानिक डॉ. लूसी लोव से बात की। इस बातचीत में भारतीय अंतरिक्ष यात्री ग्रुप कैप्टन शुक्ला ने उनके द्वारा किए जा रहे वैज्ञानिक प्रयोगों की जानकारी दी और बोले की वे बेहद व्यस्त हैं। शुभांशु शुक्ला ने कहा कि 'जब से हम यहां आए हैं, तब से ही काफी व्यस्त हैं। हम अंतरिक्ष स्टेशन पर बहुत सारे प्रयोग कर रहे हैं, जिन्हें लेकर मैं बेहद उत्साहित हूं। इस मिशन से माइक्रोग्रैविटी के लिए रास्ते खुलेंगे और इससे भारतीय वैज्ञानिकों के लिए नई राह खुलेगी। मुझे बेहद गर्व है कि इसरो दुनियाभर के संस्थानों के साथ मिलकर काम कर रहा है।

**स्टेम सेल की स्टडी**

### कई और वैज्ञानिक प्रयोग कर रहे शुभांशु

शुभांशु ने बताया कि वह कई वैज्ञानिक प्रयोग कर रहे हैं, जिनमें स्टेम सेल का अध्ययन, माइक्रोग्रैविटी में बीजों का विकास, अंतरिक्ष में मस्तिष्क पर पड़ने वाला असर आदि प्रयोग शामिल हैं। शुभांशु ने कहा कि वे स्टेम सेल के अध्ययन वाले प्रयोग को लेकर बेहद उत्साहित हैं। क्या सप्लीमेंट्स लेने से चोट की रिकवरी तेज होती है या नहीं। भारतीय अंतरिक्ष यात्री ने कहा कि वैज्ञानिकों और अंतरराष्ट्रीय स्पेस स्टेशन के बीच पुल बनना मेरे लिए गर्व की बात है।